RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 138 • 08:09:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

# भारत विकास का समर्थन करता है, विस्तारवाद का नहीं: पीएम मोदी

## चीन ने कुछ दशकों में धीरे-धीरे आसपास के इलाकों पर किया कब्जा


एजेंसी। नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने विस्तारवादी नीति को लेकर एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है। उन्होंने चीन का नाम लिए बगैर कहा कि भारत विकास का समर्थन करता है, विस्तारवाद का नहीं। पीएम मोदी ने ये टिप्पणी ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल के साथ हुई बैठक में की। पीएम मोदी की इस टिप्पणी को चीन के लिए एक कड़ा संदेश माना जा रहा है। चीन का दुनिया के ज्यादातर देशों के साथ विवाद चल रहा है। ब्रुनेई के साथ भी दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन से विवाद चल रहा है। हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब पीएम मोदी ने चीन को विस्तारवादी नीति को लेकर घेरा है। जुलाई 2020 में पीएम मोदी जब लद्दाख गए थे, तब वहां से उन्होंने चीन को कड़ा संदेश देते हुए कहा था कि अब विस्तारवाद का समय खत्म हो चुका है। तब उन्होंने कहा था जो लोग विस्तारवाद से प्रेरित हैं, उन्होंने हमेशा दुनिया के लिए खतरा पैदा किया है। इतिहास गवाह है कि ऐसी ताकतें या तो खत्म हो गईं या वापस लौटने के लिए मजबूर हो गईं। फरवरी 2014 में भी मोदी ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की विस्तारवादी नीति पर हमला बोला था। तब उन्होंने कहा था कि चीन को अपनी विस्तारवादी नीति छोड़नी चाहिए और दोनों देशों के बीच शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध बनाना चाहिए। 2014 में मोदी ने विस्तारवादी नीति को 18वीं सदी की मानसिकता बताया था। कुल मिलाकर, पीएम मोदी ने भारत के संदेश को विकासवाद बनाम विस्तारवाद के खाके में रखा है। चीन आज जैसा है, वैसा नहीं होता अगर वो विस्तारवादी नहीं होता. चीन ने विस्तारवाद के जरिए खुद को फैला लिया है। क्षेत्रफल के लिहाज से आज चीन दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। चीन का कुल क्षेत्रफल 97 लाख वर्ग किलोमीटर से भी ज्यादा है। मोटा-मोटा देखा जाए तो भारत से तीन गुना बड़ा है जिसकी सीमाएं 14 देश से लगती है। ये देश हैं- अफगानिस्तान, भूटान, भारत, कजाखस्तान, उत्तर कोरिया, किर्गिस्तान, लाओस, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और वियतनाम। चीन को विस्तारवादी इसलिए कहा जाता है, क्योंकि उसने कुछ दशकों में धीरे-धीरे करके आसपास के इलाकों पर कब्जा कर लिया है। पिछले साल अगस्त में ही चीन ने नया नक्शा जारी किया था। इस नक्शे में चीन ने भारत के अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश को भी अपना हिस्सा बताया था। भारत की भी 43 हजार वर्ग किमी की जमीन भी चीन के पास है।

## देशभर में 10 दिन रहेगी गणेशोत्सव धूम, भाजपा ने देशवासियों को दी गणेश चतुर्थी की बधाई

**नई दिल्ली**। देशभर में आज से गणेशोत्सव शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सुबह से विघ्नहर्ता और प्रथमपूज्य देवता की पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्स हैंडल पर समस्त देशवासियों को श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं । इस वर्ष गणेश चतुर्थी सात सितंबर को मनाई जा रही है। भगवान गणेश हिंदू धर्म में विघ्नहर्ता और प्रथमपूज्य देवता के रूप में पूजे जाते हैं। वो अशुभता को दूर कर शुभ फल प्रदान करते हैं। गणेश चतुर्थी से ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज होता है। देश के लगभग हर हिस्से में सुबह भगवान गणेश की मंदिरों में आरती की गई। गणपति बप्पा मोरया...के पवित्र घोष के साथ मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक




मंदिर में पहली आरती की गई। इस दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ऐसा ही दृश्य लालबागचा राजा मंदिर में रहा। नागपुर के टेकड़ी गणेश मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। गुजरात में अहमदाबाद के वस्त्रपुर ना महागणपति मंदिर में सुबह की आरती की गई।

# जबलपुर में ट्रेन हादसा: ओवरनाइट एक्सप्रेस के 2 डिब्बे पटरी से उतरे

एजेंसी। जबलपुर



शनिवार की अलसुबह जबलपुर में ओवरनाइट एक्सप्रेस बड़ी दुर्घटना का शिकार होते-होते बची। गनीमत रही कि इंदौर से जबलपुर के बीच चलने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतरे और किसी तरह से जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना के कारणों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। इस घटना के चलते मुख्य लाइन पर रेल यातायात प्रभावित होने की आशंका है। रेलवे अधिकारी ट्रेन के पटरी से उतरने के कारणों की जांच कर रहे हैं और पटरी को ठीक किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया, इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस जो इंदौर से आ रही थी और जबलपुर जा रही थी, जब डेड स्टॉप स्पीड पर थी तब उसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए। किसी भी यात्री को हानि नहीं हुई है। सभी सुरक्षित हैं और अपने घरों के लिए रवाना भी हो चुके हैं। यह घटना सुबह लगभग 5.50 बजे घटी है, जब ट्रेन प्लैटफार्म पर पहुंच रही थी... स्टेशन से लगभग 150 मीटर की दूरी पर यह हादसा हुआ।

**पहले भी हुए हैं ट्रेन हादसे** : बता दें कि यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते कुछ महीनों में ट्रेन हादसों और पटरी से उतरने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पिछले माह 17 अगस्त को वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस के कम से कम 20 डिब्बे कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास देर रात पटरी से उतर गए। हालांकि, इस हादसे में भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं थी। उससे पहले 4 अगस्त को उत्तर प्रदेश के ही सहारनपुर रेलवे स्टेशन से वॉशिंग शेड ले जाते समय एक खाली लोकल ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। हादसे के बाद रेलवे अधिकारियों ने बताया था कि एमईएमयू ट्रेन खाली थी और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं, 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश में गोंडा के पास मोतीगंज और झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15904) के 19 डिब्बे पटरी से उतर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए थे।

## संक्षिप्त समाचार


### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा पहुंचे, मत्था टेका



**पटना**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार के दौरे पर हैं। जेपी नड्डा अपने बिहार प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को पटना के तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा पहुंचे। गुरुद्वारा पहुंचने पर उनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। यहां पहुंचने पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गुरु के दरबार में मत्था टेका। इस दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद रविशंकर प्रसाद सहित भाजपा के कई नेता मौजूद थे। जेपी नड्डा शनिवार को खाजेकला घाट के पास दलित बस्ती में पहुंचेंगे और यहां सदस्यता अभियान चलाएंगे। इसके बाद पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाएंगे। यहां नए भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लेंगे। इसके बाद वह दरभंगा और मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। दरभंगा में वे एम्स के लिए बिहार सरकार की ओर से दी गई जमीन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे मुजफ्फरपुर जाएंगे। यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। उल्लेखनीय है कि जेपी नड्डा शुक्रवार को बिहार को कई बड़ी सौगात दी थी। उन्होंने आईजीआईएमएस के प्रांगण में 188 करोड़ की लागत से बने क्षेत्रीय चक्षु संस्थान का उद्घाटन कर राज्य की जनता की सेवा में समर्पित किया था। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के 850 करोड़ की अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इसके अलावा भागलपुर और गया के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुपरस्पेशलिटी भवन का उदघाटन किया था।

### 13 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे ट्रक और ट्रेलर

**पूर्वी सिंहभूम**। जमशेदपुर ट्रक ट्रेलर ऑनर एसोसिएशन ने किराया वृद्धि की मांग को



लेकर 13 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। हड़ताल के दौरान ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्य बंगाल, उड़ीसा एवं झारखंड में चक्का जाम करेंगे। खनन के कार्य में लगी गाड़ियों को पूरी तरह से रोकेंगे। हड़ताल के कारण बारह हजार से पंद्रह हजार गाड़ियों का चक्का थम जाएगा।संगठन के अध्यक्ष जसबीर सिंह सीरे ने साकची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सप्ताह भर का समय दिया जा रहा है ताकि जमशेदपुर और सरायकेला से माल लोड कर चुकी या फिर लोडिंग में लगी गाड़ियां समय रहते हड़ताल में शामिल हो सके।जमशेदपुर एवं सरायकेला की वैसी कंपनियां जो ओवरलोडिंग कर माल ढुलाई कर रही है, वे इसे अविलंब बंद कर दे।संवाददाता सम्मेलन के दौरान महासचिव मनीष कुमार, संरक्षक धनंजय राय, सतवीर सिंह सोमू, प्रदीप शर्मा, बिट्टू तिवारी, रणजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा की चिंगारी, पांच की मौत

एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर के जिरिबाम जिले में हाल की हिंसा की लहर में करीब 5 लोगों की मौत हुई है। यह घटना मणिपुर में उग्रवादियों द्वारा बिष्णुपुर में दो स्थानों पर रॉकेट दागने के एक दिन बाद हुई, जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए थे। मणिपुर में तैनात एक सुरक्षा बल के अधिकारी ने बताया कि हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। सुरक्षा बल अधिकारी ने कहा, सुबह उग्रवादियों ने एक गांव में घुसकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हुई। यह हत्या जातीय संघर्ष का हिस्सा है। गोलीबारी अभी भी जारी है। हमें रिपोर्ट मिली है कि मृतक कुकी और मैतेई दोनों समुदायों से हैं।

मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय संघर्ष जारी है। लेकिन हाल के दिनों में स्थिति में गंभीर वृद्धि देखी गई है, विशेषकर पिछले पांच दिनों में जब एक नई लहर की हिंसा सामने आई है। बिष्णुपुर में एक बुजुर्ग की हत्या के कुछ घंटे बाद, इंफाल में भीड़ ने 2 मणिपुर राइफल्स और 7 मणिपुर राइफल्स के मुख्यालयों पर हथियार लूटने का प्रयास किया। हालांकि, सुरक्षा बलों ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। शुक्रवार को हुए हमले को मणिपुर में रॉकेट के इस्तेमाल का पहला ज्ञात मामला बताया गया है। यह हमला ड्रोन के हथियार के रूप में इस्तेमाल होने के छह दिन बाद हुआ। मणिपुर पुलिस ने कहा कि कुकी उग्रवादियों ने लंबी दूरी के रॉकेट का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि रॉकेट करीब चार फीट लंबे थे। विस्फोटक को गैल्वनाइज्ड आयरन (जीआई) पाइप में भरकर एक देसी रॉकेट लांचर में फिट किया गया और एक साथ फायर किया गया। प्रोजेक्टाइल को लंबी दूरी तक ले जाने के लिए, आतंकवादियों को विस्फोटकों की मात्रा को बदलना पड़ता है। ऐसा लगता है कि वे शांति के महीनों के दौरान इसका अभ्यास कर रहे थे। बढ़ती हिंसा को देखकर मणिपुर प्रशासन ने राज्य भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों को शनिवार को बंद रखने का आदेश जारी किया है।




### सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के तीन बंकर नष्ट किए, दहशत में लोगों

बिष्णुपुर जिले में बम हमलों से उत्पन्न अशांति के मद्देनजर मणिपुर सरकार ने शनिवार को स्कूल बंद रखने की घोषणा की। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में गिरा रॉकेट एक इम्प्रोवाइज्ड रॉकेट लग रहा था। सुरक्षा बल अधिकारी ने बताया, बुजुर्ग व्यक्ति परिसर में कुछ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी कर रहा था, तभी बम फट गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच, घाटी स्थित नागरिक निकायों के एक समूह, मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने तत्काल प्रभाव से इंफाल घाटी के पांच जिलों में सार्वजनिक आपातकाल की घोषणा कर दी है। इंफाल घाटी के पांच जिलों में हजारों लोगों ने उग्रवादियों के हमलों का विरोध करने के लिए मानव श्रृंखला बनाई। बात दें कि मणिपुर के बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिले के इलाकों में कई ड्रोन दिखाने के बाद लोगों ने अपने घरों की लाइटें बंद कर दीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में इंफाल पश्चिम जिले में दो स्थानों पर लोगों पर बम गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना, नाम्बोल कामोंग और इंफाल पूर्वी जिले के पुखाओ, दोलाईथाबी, शांतिपुर में कई ड्रोन दिखाई दिए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई।

# हर साल गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में होता है वृहत्त आयोजन

चाणक्य भूमि बेतिया

भगवान गणेश को सभी देवताओं का सिरमौर माना गया है चाहे आप किसी भी देवता की पूजा करे सबसे पहले भगवान गणेश का आह्वान किया जाता है। इन्हें विघ्नहर्ता कहा जाता है क्यूंकि इनके पूजन से सभी विपती दूर होता है। माता के आज्ञाकारी भगवान गणेश का पूजन आज भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष चतुर्थी को किया जाता है। बेतिया महाराज के द्वारा बेशकीमती पत्थर मूंगा का आदमकद मूर्ति गणेश भगवान और हनुमान जी का अपने किला के पूर्वी दरवाजे पर स्थापित किए हैं। इसी एतिहासिक मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश पूजा समिति लगातार कई वर्षों से गणेशोत्सव का आयोजन धूमधामपूर्ण किया जाता है। और प्रत्येक वर्षों की भाँति इस साल भी गणेश पूजा समिति के सदस्यों द्वारा पूरी निष्ठा और



भक्ति के साथ इस आयोजन को सफलता पूर्वक किया गया। पूजन उत्सव के साथ ही समिति के सदस्यों द्वारा सभी आगंतुक भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया



गया। समिति द्वारा भगवान का श्रृंगार भी किया गया था आगंतुक भक्तों द्वारा पूजा समिति के सदस्यों की उनके इस कार्य के लिये काफी सराहना की गई।

### विधानसभा चुनाव के बाद तय होगा महायुति का मुख्यमंत्री

**मुंबई**। महाराष्ट्र के उपमख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा महायुति के मुख्यमंत्री का चयन होगा. शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री फडणवीस एक मराठी समाचार चैनल के कार्यक्रम में ये बातें कहीं. उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद का वादा नहीं किया गया था. चुनाव के बाद कौन मुख्यमंत्री होगा? संसदीय बोर्ड इसका फैसला करेगा. सभी एक साथ बैठकर मुख्यमंत्री पद के बारे में फैसला करेंगे. उन्होंने कहा कि हमारे बीच चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं है. जब मुख्यमंत्री होता है तो चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं होता. उनके नेतृत्व में चुनाव हुए. मुझे यह कहने का कोई अधिकार नहीं है कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा. हमारा संसदीय बोर्ड फैसला करेगा।

# बच्चों को चल संपत्ति नहीं माना जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

नाबालिक बच्चे की बंदी प्रत्यक्षीकरण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एजी मसीह की खंडपीठ ने अपने निर्णय में कहा है। न्यायालय को मानवीय आधार पर कार्य करना होगा। जब कोर्ट किसी भी नाबालिक बच्चों के संबंध में विचार करता है। बच्चे को संपत्ति की तरह नहीं माना जा सकता है। बच्चे पर पडने वाले प्रभाव को भी न्यायालय को देखना होगा। सुप्रीम कोर्ट में 2 साल 7 माह की बच्ची की कस्टडी से जुड़ा हुआ मामला पहुंचा



था। 2022 में बच्ची की मां की मौत हो गई थी। बच्ची मौसी के पास थी। हाईकोर्ट ने उस बच्ची को उसके पिता और दादा- दादी को सौंपने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है। हाईकोर्ट ने बच्ची के हित पर विचार नहीं किया। हाईकोर्ट ने केवल पिता के अधिकार को मानते हुए बच्ची को कस्टडी में सौंपने के आदेश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किया है। 21 सितंबर से प्रत्येक पहले, तीसरे और पांचवें शनिवार को बच्ची की मौसी 3 बजे, तथा बच्ची के पिता और दादा-दादी शाम 5 बजे बच्ची से मिल सकेंगे।

# राष्ट्रीय पोषण माह के तहत देश में पिछले छह दिनों में 1.37 करोड़ गतिविधियां आयोजित

एजेंसी। नई दिल्ली

बच्चों में कुपोषण की समस्या को दूर करने के मकसद से शुरू किए गए राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पिछले छह दिनों में देश भर में 1.37 करोड़ गतिविधियां आयोजित की गईं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 7वें राष्ट्रीय पोषण माह के 6ठें दिन तक 35 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 752 जिलों से 1.37 करोड़ गतिविधियां आयोजित की गईं हैं। सबसे अधिक कार्यक्रम आयोजित करने वाले राज्यों में बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इस अभियान में शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आयुष मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय अपनी भूमिका निभा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि गुजरात में गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 31 अगस्त को शुरू किया गया सातवां राष्ट्रीय पोषण माह बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी के साथ-साथ एनीमिया, विकास की निगरानी, पूरक आहार और पोषण भी पढ़ाई भी जैसे प्रमुख विषयों पर केंद्रित है। इस अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम पहल के जरिये पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी पर भी जोर दिया गया है। इस अभियान के तहत सभी चालू 13.95 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में पौधारोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्रालय के मुताबिक डब्ल्यूसीडी के नामित पदाधिकारियों को करीब 10 लाख उन गतिविधियों को चिह्नित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिनका उद्देश्य आईसीटी एप्लिकेशन पोषण ट्रैकर से जुड़े पोषण संकेतकों और कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन एवं निगरानी में मदद करना है। इस पोषण माह में अब तक सबसे अधिक योगदान देने वाला मंत्रालय शिक्षा मंत्रालय (एमओई) है, जिसकी 1.38 लाख गतिविधियां हैं। उसके बाद 1.17 लाख गतिविधियों के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएंडएफडब्ल्यू), 1.07 लाख गतिविधियों के साथ ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी), 69 हजार गतिविधियों के साथ आयुष मंत्रालय और 64 लाख गतिविधियों के साथ पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) पोषण माह 2024 के किसी न किसी विषय पर गतिविधियां आयोजित कर रहे हैं।

### अबू धाबी के क्राउन प्रिंस 9-10 सितंबर को भारत की यात्रा पर आएंगे

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 9-10 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। उनके साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर बताया कि 9 सितंबर को अबू धाबी के क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का कार्यक्रम है। वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। 10 सितंबर को क्राउन प्रिंस एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुम्बई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के व्यापारिक नेता भाग लेंगे। बयान में कहा गया है कि भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में, भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीतिक, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है।

### मौका मिला तो विनेश फोगाट के खिलाफ करुंगा चुनाव प्रचार: बृजभूषण सिंह

**गौंड**। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने दावा करते हुए कहा है कि विनेश फोगाट को कोई भी भाजपा कार्यकर्ता चुनाव हरा सकता है। उन्होने कुश्ती में जितना नाम कमाया है वो कांग्रेस में जाने से मिट जाएगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यदि पार्टी का आदेश होगा तो विनेश के खिलाफ चुनाव प्रचार करने को भी तैयार हैं। बता दें कांग्रेस ने शुक्रवार को जारी 31 उम्मीदवारों की पहली सूची में जुलाना से विनेश फोगाट को मैदान में उतारा है। पूर्व सांसद ने कहा कि यदि भाजपा कहेगी तो वे भी हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मुझे उनके समुदाय के लोगों भी भरपूर समर्थन मिलेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि लोकसभा चुनाव के समय हरियाणा के लोग कह रहे थे कि यदि आप यहां से चुनाव लड़ेंगे तो हम आपको जिताएंगे। लेकिन मैंने मना कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार :नौकरी लगाने के नाम पर महिलाओं से लिए थे 6-6 हजार रुपए



**पटना, एजेंसी।** पटना के शास्त्रीनगर इलाके से एक फर्जी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस मुख्यालय में सफाई कर्मी की नौकरी लगाने के नाम पर 5 महिलाओं से 6-6 हजार रुपए लिए थे। पीड़ित महिलाओं के शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तलाशी के दौरान पुलिस की वर्दी, लाल जूता, टोपी और बैच बरामद हुआ है। आरोपी के पास से एक मोबाइल भी मिला है। इस धंधे और कौन-कौन लोग शामिल है। कितने लोगों से ठगी हुई है। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आरोपी विद्या भूषण राय मनेर थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा का रहने वाला है। विद्या भूषण ने बिंद टोला निवासी विमला देवी समेत 5 महिलाओं को बताया था कि पुलिस मुख्यालय पटेल भवन में ड्यूटी करते हैं। वहां साफ-सफाई और माली के लिए वेकैंसी है। जिसके बाद सभी ने 6-6 हजार रुपए नौकरी लगाने के लिए दिया था। पैसे लेने के बाद जब नौकरी नहीं लगी तब महिलाओं ने इसकी शिकायत शास्त्रीनगर थाने में की। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ है।

### मोहल्ले में गोलीबारी पर एफआईआर दर्ज, वारदात के बाद बदमाश फरार



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा के टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ले में मो. शमीम अंसारी को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घायल के बयान पर मिल्की मोहल्ला निवासी सोहेल खान उर्फ बास को नामजद और अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। सभी फरार हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी में जुटी है। घायल ने पुलिस को बताया कि 4 सितंबर शाम घर के बाहर शोर हो रहा था। देखा तो मस्जिद के पास मेरे भतीजा मो. फैज के साथ मारपीट की जा रही थी। मैं वहां गया और मामले को शांत कराया। इसके बाद सोहेल खा अपने अन्य चार साथियों के साथ फिर से आया और फायरिंग शुरू कर दी। गोली हथेली में लगकर निकल गई। इसके बाद सभी फरार हो गए। मुझे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद और अज्ञात अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अज्ञात लोगों को भी चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नहाने के दौरान टूट कर गिरा तार, युवक की मौत

**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा के कोरमा थाना क्षेत्र के गगौर गांव में करंट लगने से एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उपेंद्र ठाकुर के बेटे रंजन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात वह नहाने गए थे। इसी दौरान हाईवोल्टेज तार टूटकर उसके शरीर पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोरमा थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गांव में ही मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता था। मृतक पांच सहोदर भाइयों में सबसे छोटा भाई था। कोरमा थानाध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुष कुमार ने बताया कि युवक की मौत बिजली का करंट लगने से हुई है। उन्होंने कहा कि उसके शव को पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है। इस संबंध में लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं को ग्राउंड में रहने का निर्देश

## बीजेपी कार्यालय में देर रात 12 बजे तक चली कोर कमेटी की बैठक, अश्विनी चौबे भी रहे मौजूद



**पटना, एजेंसी।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पहले दिन शुक्रवार को 850 करोड़ की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। इसके बाद देर रात करीब 3 घंटे तक प्रदेश कार्यालय में बीजेपी नेताओं के साथ बैठक की। बंद कमरे में रात करीब 9 बजे से 12 बजे तक मीटिंग चली। जिसमें पार्टी के तमाम बड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बड़ी बात यह कि नाराज चल रहे पार्टी के सीनियर लीडर अश्विनी चौबे भी इसमें शामिल हुए। इस दौरान कोर कमेटी और सदस्यता अभियान कमेटी की अलग-अलग मीटिंग हुई। आम जनता को कैसे बीजेपी से जोड़ना है और एक करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को किस तरह से पूरा करना है। इस संबंध में उन्होंने टिप्स दिए।

### बंद कमरे में हुई बैठक

कोर कमेटी की मीटिंग में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनी। चुनाव को लेकर किस तरह से तैयारी करनी है, इस पर कार्यकर्ताओं जानकारी दी। जेपी नड्डा ने यह संदेश दिया कि अगर ऐसी परिस्थिति बनी, जिसमें समय से पहले विधानसभा चुनाव होता है तो उसके लिए हमें पहले से तैयार रहना होगा। सभी नेताओं को अपने क्षेत्र में अभी से एक्टिव रहने की जरूरत है। केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा। जिन लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्हें भी उन योजनाओं से जोड़ना होगा।

### एनडीए में एकजुटता बनाए रखने का दिया संदेश

सूत्रों की मानें तो कोर कमेटी की बैठक के दौरान सभी नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि एनडीए में एकजुटता बनी रहनी चाहिए। विधानसभा चुनाव में एनडीए को एकजुट होकर मजबूती से चुनाव लड़ना है, ताकि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बना सके।

सदस्यता अभियान कमेटी की मीटिंग में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिसकी शुरुआत 2 सितंबर से हुई है। अभी पूरे बिहार में बीजेपी के 35 लाख सदस्य हैं। नड्?डा ने साफ तौर पर कहा है कि हर हाल में 35 लाख के अलावा 1 करोड़ नए लोगों को पार्टी से जोड़ना है। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ सके। इसके लिए प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यकर्ताओं के अलावा जो केंद्रीय मंत्री हैं, उनको भी बिहार में अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर सदस्यता अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

### मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अश्विनी चौबे ने जताई नाराजगी

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे का लोकसभा चुनाव के दौरान बक्सर से टिकट कटने के बाद से न केवल पार्टी बल्कि शासन-प्रशासन भी उन्हें भूलने लगा है। मामला भागलपुर में करीब 200 करोड़ से बने सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के उद्घाटन समारोह से जुड़ा है। अश्विनी चौबे को समारोह के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। इससे वे आहत हैं। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। इसमें उनका फिर एक बार दर्द छलका।

अश्विनी कुमार चौबे ने लेटर में लिखा- अपार कष्ट में हूं, खैर... समय बड़ा बलवान होता है। जिस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शिलान्यास से लेकर बनने तक लगातार निगरानी और निरीक्षण तत्कालीन मंत्री व पूर्व मंत्री के रूप में चौबे करते रहे हैं। पीएम मोदी के शिलान्यास वाले शिलापट्ट मेन गेट पर रहने दिया जाता। 17 फरवरी, 2019 को बेगूसराय से पीएम, तत्कालीन राज्यपाल लालजी टंडन, पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी समेत मैं खुद भी वहां शामिल हुआ था। इसके बाद भी मेरा नाम उद्घाटन में नहीं रहना आहत करता है।

### जेपी की मैराथन के पीछे की वजह क्या है ?

लोकसभा चुनाव-2024 में बिहार में एनडीए 30 सीटों पर सिमट कर रह गई है। 10 सीटों का नुकसान हुआ है। 5 सीटों पर जीत दर्ज करने वाली लोजपा(रा.) और 12 सीट जीतकर जेडीयू ताकतवर बनकर उभरी है।

यूपीएससी में लेटरल एंट्री और जाति गणना पर चिराग पासवान के सुर अलग हैं। बिहार में एनडीए की सरकार नीतीश कुमार के भरोसे पर चल रही है। केंद्र में भी जेडीयू को 2-2 मंत्रालय मिला है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल भी सीएम नीतीश की तारीफ कर चुके हैं। ऐसे में बीजेपी अपनी स्थिति मजबूत रखना चाहती है।

3 सितंबर को सूचना आयोग में नियुक्ति को लेकर मीटिंग हुई थी। जिसमें सीएम नीतीश कुमार के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी शामिल हुए थे। जिसके बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म था। हालांकि जेडीयू नेताओं का स्पष्ट तौर पर कहना है कि जिनको जो सोचना है, सोचिए। बिहार में एनडीए पूरी तरह से एकजुट है। आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेंगे।

# पटना में नकली पैकिंग कर खाद्य सामग्री बेचने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़, छापामारी के बाद मालिक फरार




**पटना, एजेंसी।** पटना जिले के बख्तियारपुर थानाक्षेत्र के दिदौर इलाके में पुलिस ने नकली फार्म चलाने वालों का भंडाफोड़ किया है। यहां कई नामी कंपनियों के नाम पर उत्पादों की नकली ब्रांडिंग की जाती थी। पुलिस ने घटनास्थल से आटा, चोकर और अन्य ब्रांड का माल जब्त किया है।

### नई बोरी मंगवा कर करते थे ब्रांड की कॉपी

पुलिस को छापामारी के दौरान जांच में पता चला कि पूजा इंटरप्राइजेज का प्रोपराइटर कृति आटा आरवी इंटरप्राइजेज के नाम से फार्म चला रहा है, जो पटना सिटी के मालसलामी थानाक्षेत्र के आता है। यह फैक्टरी काफी पुरानी है और यहां से आटा पूरे बिहार में सप्लाई किया जाता है। कंपनी को शिकायत मिली थी कि उनके आटे का नकली ब्रांड बनाकर बाजार में बेचा जा रहा है। जब कंपनी के लोगों ने इस बात की तहकीकात की तो पता चला कि पैकेट पर खुद की छपाई कर उसमें आटा भरकर बेचा जा रहा है, जिससे कंपनी को काफी नुकसान हो रहा है। इसे लेकर कंपनी के निदेशक राजीव कुमार ने बख्तियारपुर थाने पहुंचकर इसकी लिखित सूचना दी। उसके बाद बख्तियारपुर थाना पुलिस ने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छापामारी की तो देखकर दंग रह गए। उन्होंने देखा कि भारी मात्रा में नकली खाने-पीने के समान में हेराफेरी की जा रही है। यह देख छापामारी के दौरान मौके पर स्थानीय लोग बड़ी तादाद में जुट गए। फिर पुलिस ने पूजा इंटरप्राइजेज के लड़के को पकड़ा तो उन्हें छुड़ाने में भी लग गए। पुलिस ने कहा कि जो उनके मालिक हैं उन्हें बुलाया जाए, लेकिन मालिक फरार हो चुके थे। पुलिस पूछताछ के लिए उनके बेटे को थाने ले गई और मामले की जांच में जुट गई।

### कंपनी को हो रहा था भारी नुकसान

आरवी इंटरप्राइजेज के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान देखा गया कि लाखों का माल पड़ा है और घर में इन लोगों द्वारा निर्माण किया जाता है। स्थानीय लोगों ने भी दबी जुबान से कहा कि यहां बाहर से लोकल कंपनी का चोकर मंगाया जाता है। फिर उसमें भूसी और अन्य सामग्री मिलाकर यहां बोरी में पैक कर बेचा जाता है। उन्होंने कहा कि छापामारी के बाद पुलिस इस मामले में तहकीकात कर रही है। पुलिस से पूछताछ करने पर कहा कि अभी जांच चल रही है, मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है। फिलहाल जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जाएगी।

# मुजफ्फरपुर में सियार का आतंक, अब तक 12 से ज्यादा लोगों को काटकर किया घायल

## ग्रामीणों में दहशत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के शेरपुर पंचायत के बंगरा गांव में सियार ने आतंक मचाया हुआ है। यहां सियार ने अब तक 12 से ज्यादा लोगों को काट कर घायल कर दिया है। पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घायलों में से कई लोगों को सदर अस्पताल और निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वन विभाग की टीम उक्त जानवर को रेस्क्यू करने में जुटी हुई है। दरअसल, बीते दो दिनों से जिले के सदर थानाक्षेत्र के शेरपुर पंचायत इलाके के बंगरा गांव में एक जानवर के आतंक से लोगों में दहशत बनी हुई है। आलम यह है कि सियार ने अब तक चार बच्चों सहित 12 से अधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया है, जिसके बाद से पूरे इलाके के लोग डरे-सहमे हुए हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद से जिले की वन विभाग की टीम ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसको लेकर पूरे गांव और खेतों में कई पिंजड़े लगाए जा रहे हैं, ताकि सियार को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। स्थानीय ग्रामीण रितेश कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों में एक जानवर ने 12 से अधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया है। यह जानवर कुत्ते जैसा दिखता है और लगता है कि जैसे सियार है। यह कोई भेड़िया नहीं है और इसकी वजह से पूरे इलाके में दहशत बनी हुई है। इससे लोग काफी डरे-सहमे हैं। वहीं, सियार के आतंक के कारण गांव के कई बच्चे स्कूल भी नहीं जा रहे हैं।



### गोपालगंज में एक अस्पताल कर्मी की संदिग्ध मौत, निजी क्लीनिक में पंखे से लटका मिला शव

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज शहर के अंबेडकर चौक पर एक निजी क्लीनिक में काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। अस्पताल कर्मी का शव क्लीनिक में ही पंखे से लटका हुआ मिला, जिसको लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले चुकी है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नगर थानाक्षेत्र के चैनपट्टी गांव निवासी दिवंगत शिवपूजन मांझी के बेटे ईश्वर मांझी के रूप में हुई है। ईश्वर मांझी अंबेडकर चौक के पास स्थित एक निजी क्लीनिक में काम करता था। परिजनों के अनुसार ईश्वर मांझी रात को ड्यूटी करने के लिए गया था, लेकिन अहले सुबह उसका शव क्लीनिक में ही पंखे से लटका हुआ मिला। उसके बाद वहां के स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी थी। उसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सुबह पुलिस ने भी शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। बताया जा रहा है कि ईश्वर मांझी के छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनके सर से पिता का साया उठ गया है।



# फटा नोट देने पर दुकानदार ने चाकू से गोदा, मौत, आरोपी गिरफ्तार

## मधुबनी में 10 रुपए को लेकर हुआ था विवाद

**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी के फुलपरास थाना क्षेत्र के मुरली गाँव में एक दुकानदार के बेटे ने एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दिया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि युवक दुकान पर नाश्ता करने आया था। जहां उसने नाश्ता करने के बाद दुकानदार को एक दस का फटा नोट दिया। जिसे दुकानदार ने लेने से मना कर दिया।

जिसे लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। इसी विवाद में उसके बेटे ने गुस्से में आकर युवक के पेट पर दो से तीन बार चाकू से वॉर कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरली गाँव के राहुल कुमार(20) के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने आरोपी राजीव को गिरफ्तार कर लिया है।



### दस रूपए के विवाद में मारा चाकू

मृतक के चाचा ने बताया कि राहुल चौक पर नाश्ता करने आया था। जहां नाश्ता करने के बाद दुकानदार ने उससे 30 रुपए की मांग की। जिसके बाद राहुल ने उसे एक बीस और दूसरा दस का नोट दिया। जिसमें दस का नोट थोड़ा फटा था। जिसे दुकानदार ने लेने से मना कर दिया। जिसे लेकर राहुल ने पूछा तो दुकानदार का बेटा उससे उलझ गया। इसी बीच दोनों में विवाद हो गया।

जिसके बाद उसने गुस्से में आकर राहुल के पेट में चाकू मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सदर अस्पताल लाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। जिसके बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस मामले में पांच लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 1 दिन में डेंगू के 80 केस, आंकड़ा 1000 के पार: बिहार में अब तक 6 मौतें

## एक्सपर्ट बोले-वायरल फीवर समझ कर लापरवाही कर रहे लोग



**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू का खतरनाक ट्रेंड सामने आया है। संक्रमण के 7 दिन के अंदर ही ये पेशेंट को काफी कमजोर कर रहा है, जिससे मरीजों की मौत हो रही है। 24 घंटे के अंदर दो मरीजों की मौत ने स्वास्थ्य विभाग को भी चिंता में डाल दिया है। इस सीजन में पहली बार 6 सितंबर को एक दिन में 80 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसमें सबसे ज्यादा पटना में 38 लोग डेंगू से संक्रमित पाए गए हैं। सरकारी आंकड़ों में अब तक बिहार में डेंगू के 1006 केस सामने आए हैं, जिसमें 6 की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है, इसके बाद भी मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है।

सीनियर फिजिशियन डॉ. राणा एसपी सिंह बताते हैं कि ज्यादातर मौतें इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। इस बार संक्रमण की दर काफी तेज है। संक्रमण को लोग वायरल फीवर मान ले रहे हैं। इस कारण से कई दिनों तक बुखार ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। जब तक हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं, हालत खराब हो जा रही है।

### संक्रमण के 7 दिन में मौत

गर्दनीबाग की रहने वाली 57 साल की पूनम सिन्हा डेंगू से संक्रमित हुई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद घर वालों ने 31 अगस्त को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। कम समय में ही पूनम को डेंगू ने कमजोर कर दिया। हालत ऐसी हो गई कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों के प्रयास के बाद भी उनका प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान कल उनकी मौत हो गई। समस्तीपुर के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए। इलाज के लिए घर वाले बेगूसराय ले गए, लेकिन हालत बिगड़ती गई। डॉक्टरों ने रेफर कर दिया, जिसके बाद पटना के मेदांता में भर्ती कराया गया। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण गुरुवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

### इंटरनल ब्लीडिंग से हो रही मौतें

अब तक डेंगू से जो भी मौत हो रही है, इसमें इंटरनल ब्लीडिंग का मामला सामने आ रहा है। यानी डेंगू का ढ्ढतरूरिएक्टिव पाया जा रहा है। 31 अगस्त को पीएमसीएच में डेंगू पीड़ित 40 साल के युवक अशोक गिरी की मौत भी इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। जहानाबाद के रहने वाले अशोक गिरी पीएमसीएच में 25 अगस्त को एडमिट हुए थे। 5 ही दिन में मौत हो गई। 29 अगस्त को एनएमसीएच में 16 साल के आर्यन की मौत भी डेंगू के संक्रमण से हुए इंटरनल ब्लीडिंग से हुई है। 26 अगस्त की रात नौबतपुर के आर्यन को एनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। प्लेटलेट्स लगातार कम होने से हालत बिगड़ गई थी। उन्हें पहले से ही पीलिया था।

सिर्फ 4 ही दिन में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ऐसे ही 70 साल बुजुर्ग रामा की मौत पटना मेडिकल कॉलेज में इंटरनल ब्लीडिंग से हुई थी। रागिनी की मौत भी निजी अस्पताल में इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई थी।

### संक्रमण की रफ्तार डराने वाली

डेंगू का सीजन जनवरी से ही शुरू हो जाता है, लेकिन मानसून खत्म होते ही इसमें तेजी आती है। जब तक मौसम ठंडा नहीं हो जाता तब तक इसका असर रहता है। कम बरसात होने के कारण भी डेंगू की रफ्तार तेजी से बढ़ती है। सरकारी आंकड़ों की बात करें तो अब तक जनवरी से 6 सितंबर तक 1006 लोग संक्रमित हुए हैं। पटना में 459 लोगों में डेंगू पाया गया है। राज्य में जिला की बात करें तो पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। दूसरे नंबर पर गया है, जहां अब तक 54 केस सामने आए हैं। मुजफ्फरपुर 53, समस्तीपुर 46, नालंदा 39, वैशाली 28 और पूर्णिया में 28 मामले आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर में अलग-अलग जगहों से 2 शव बरामद, नशे की लत से गई जान



**पटना।** पटना जिले के दानापुर में अलग-अलग जगहों से 2 शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों की शिनाख्त हो गई है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने इसकी पुष्टि की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। वेटनरी हॉस्पिटल के पास सुबह एक व्यक्ति ने नाले में शव को देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान राजू रजक(45) के तौर पर हुई है। मृतक नशे का आदि था। कूड़ा बीनने का काम करता था। भाई मुन्ना रजक ने बताया कि सुबह 6 बजे के करीब मैंने उन्हें जगाया था। जिसके बाद वह शौच करने के लिए बाहर चला गया था। फिर मैं अपने काम पर चला गया था। कुछ देर बाद नाले में गिरने की सूचना मिली। दूसरा शव अनुमंडल अस्पताल के जर्जर क्वार्टर के पास से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान पालीगंज के सिगोरी थाना क्षेत्र के शिवदत्त कुमार सिंह के रूप में हुई है। शिवदत्त सिंह होम गार्ड था। भांजा विकास कुमार ने बताया कि मामा को नशे की लत थी। हमलोगों से झूठ बोलकर यहां रह रहे थे। पहले दानापुर थाना की गाड़ी भी चलाते थे, लेकिन कुछ महीनों से ड्यूटी नहीं कर रहे थे। इधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरे दिन फुटपाथ पर सोते रहते थे। इनके पास कोई काम नहीं था।

### पटना में फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार, नौकरी लगाने के नाम पर महिलाओं से लिए थे 6-6 हजार रुपए



**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर इलाके से एक फर्जी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस मुख्यालय में सफाई कर्मी की नौकरी लगाने के नाम पर 5 महिलाओं से 6-6 हजार रुपए लिए थे। पीड़ित महिलाओं के शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तलाशी के दौरान पुलिस की वर्दी, लाल जूता, टोपी और बैच बरामद हुआ है। आरोपी के पास से एक मोबाइल भी मिला है। इस धंधे और कौन-कौन लोग शामिल है। कितने लोगों से ठगी हुई है। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आरोपी विद्या भूषण राय मनेर थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा का रहने वाला है। विद्या भूषण ने बिंद टोला निवासी विमला देवी समेत 5 महिलाओं को बताया था कि पुलिस मुख्यालय पटेल भवन में ड्यूटी करते हैं। वहां साफ-सफाई और माली के लिए वेकैंसी है। जिसके बाद सभी ने 6-6 हजार रुपए नौकरी लगाने के लिए दिया था। पैसे लेने के बाद जब नौकरी नहीं लगी तब महिलाओं ने इसकी शिकायत शास्त्रीनगर थाने में की। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ है।

### 10 सितंबर तक राज्य में भारी बारिश की चेतावनी, आज 19 जिलों में अलर्ट

**पटना।** बिहार में अगले तीन दिन मानसून मजबूत स्थिति में रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर क्षेत्र की स्थिति बन रही है। इसके कारण मानसून का कुछ सिस्टम मजबूत हुआ है। इस वजह से 10 सितंबर तक पूरे बिहार में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इस बीच मौसम विभाग ने आज पटना समेत 19 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान आकाशीय बिजली को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। इधर, नेपाल में दो दिन से लगातार हो रही बारिश के बाद मनोर नदी उफान पर है। इससे बगहा के कई गांव में बाढ़ की स्थिति बन गई है। VTR के क्षेत्र में भी मनोर नदी का पानी घुस गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बारिश पूर्वी चंपारण में 112.8 मिमी. बारिश हुई है। बिहार में अब तक 26% कम बारिश देखने को मिली है। 6 सितंबर तक 820.9 मिमी. बारिश होनी चाहिए थी, सिर्फ 613.9 मिमी. ही हुई है। राजधानी में शनिवार सुबह तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। हवा, नमी और अन्य मौसम की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए तापमान 34 डिग्री सेल्सियस जैसा महसूस हो सकता है। सुबह के मुकाबले शाम में हवा की रफ्तार धीमी रहेगी, लेकिन शाम के समय 60% बारिश होने की संभावना है। नेपाल में हो रही बारिश के बाद बगहा में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अचानक आई बाढ़ के कारण नौरंगिया, महुअवा, कटहरवा समेत आधा दर्जन गांवों के लगभग 50 एकड़ से अधिक धान की फसलें पानी में डूब गईं। नदी का पानी नौरंगिया जंगल के क्षेत्रों में फैलने से जंगली जानवर ऊंची जगहों की ओर चले गए हैं। तेज धारा के कारण बिजली के दो खंभे भी ध्वस्त हो गए, जिससे दरदरी और आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।



### हत्या के मामले में 3 बदमाश अरेस्ट, आपसी विवाद में हुआ था बुजुर्ग का मर्डर

**हाजीपुर।** वैशाली के राघोपुर के जुड़ावरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर दियारे इलाके में आपसी विवाद में बुजुर्ग की पीटकर हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को घटना से महज 24 घंटे के अंदर ही अरेस्ट किया है। गिरफ्तार लोगों में उमा शंकर राय, मुकेश राय, मथुरा राय शामिल है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है। बता दें कि राघोपुर के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर विश्राम टोला में एक बुजुर्ग व्यक्ति लाल बहादुर राय (60) की लाठी डंडे से पीट-पीटकर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। लाल बहादुर राय और राजेश्वर राय के बीच पहले से जमीन विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर राजेश्वर राय, अनिल राय, अरविंद राय, उदय राय समेत अन्य लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट-पीट कर बुजुर्ग की हत्या कर दी थी। मृतक के परिवार वालों ने अनिल राय, अरविंद राय, उदय राय समेत अन्य लोगों ने लाठी डंडे से पीट-पीट कर बुजुर्ग की हत्या कर देने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसे गंभीरता से देखते हुए पुलिस ने उमा शंकर राय, मुकेश राय, मथुरा राय को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, अन्य आरोपी फरार चल रहे। दूसरे आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है। जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि भूमि विवाद में पाटीदार ने एक बुजुर्ग की हत्या कर दी है। इस मामले में तीन आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है।

# थाने के सामने मर्डर करने वाला माफिया रंजीत गिरफ्तार

**पत्नी को एनकाउंटर का डर, पति का वीडियो वायरल किया, DSP पर हत्या करवाने का आरोप**

एजेंसी, पटना।

पटना के रानी तालाब थाने के गेट पर गोली मारकर हत्या करने वाले माफिया रंजीत चौधरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।बिहार STF ने उत्तराखंड के ऋषिकेश से गुरुवार को ये गिरफ्तारी की है। बालू माफिया रंजीत पर 2 लाख का इनाम था। भोजपुर, पटना, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में रंजीत पर हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, पुलिस पर हमला समेत 27 केस दर्ज हैं। रंजीत की पत्नी को डर था कि यूपी बॉर्डर पर उसका एनकाउंटर हो सकता है। इसलिए उसने रंजीत का एक पुराना वीडियो वायरल किया। इसमें DSP पर रंजीत को मोहरा बनाकर हत्या करवाने का आरोप है।

**पालीगंज के तत्कालीन DSP प्रीतम कुमार ने फंसाया:** 6 नवंबर 2023 को कार सवार बदमाशों ने बालू ठेकेदार देवराज यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पटना के रानीतालाब थाने के गेट पर ही वारदात को अंजाम दिया गया था। इस दौरान देवराज का निजी बॉडीगार्ड भी लाइसेंसी हथियार के साथ



मौजूद था, फिर भी उसकी जान नहीं बच सकी थी। रंजीत ने देवराज की हत्या का आरोप पालीगंज के डीएसपी प्रीतम कुमार और रानी तालाब के थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार गहलोत पर लगाया है। उसने कहा कि 'देवराज के परिवार की ओर से कहीं भी मेरा नाम नहीं लिया गया था। उसके गांव के लोगों का ही नाम था। इस केस में बेवजह मुझे फंसाया गया है। पालीगंज के तत्कालीन डीएसपी प्रीतम कुमार और केस के आईओ ने मुझे फंसाया है। मैं अपने बच्चों को लेकर उत्तराखंड में रहता हूं।' वीडियो में वो बोल रहा है कि 'जब मेरा नाम सामने आया तो मैंने डीएसपी साहब से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होता है। सरेंडर करके बेल ले लो। तो मैंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था क्यों बनी है। मैं राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट से बोलना चाहता हूं कि देवराज की हत्या में उसकी पत्नी ने FIR दर्ज कराया था। पत्नी ने FIR में बताया कि पुलिस को 8 घंटे पहले मैंने सूचना दी थी कि मेरे पति की हत्या हो सकती है। जब 8 घंटे पहले सूचना दी गई तो हत्या कैसे हो गई। हमको कैसे पता था कि देवराज वहां आने वाला है। हमको डीएसपी साहेब और बड़ा बाबू घसीट रहे हैं।'

**DSP ने मुझे सुपारी दी थी:** वीडियो में रंजीत आगे बोल रहा है कि 'अगर मेरा नाम सामने आ रहा है तो ठीक है, मैंने उसकी हत्या कराई है। लेकिन तत्कालीन डीएसपी प्रीतम कुमार के कहने पर। उन्होंने ही मुझे सुपारी दी थी। बोले थे आधा पैसा ले लो। बालू पार्टनरी में जो पैसा आएगा, आधा-आधा पैसा बांट लेंगे। मेरा बस यही कहना है कि अगर देवराज की हत्या मैंने कराई है तो उसमें डीएसपी साहेब भी शामिल हैं। डीएसपी और रानीतलाब थाना प्रभारी जो इस केस के आईओ हैं, उनका डिटेल खंगाला जाए। राष्ट्रपति और सीजेआई से मेरी विनती है कि इसकी जांच अच्छे से करवाई जाए।'

## IPS अधिकारी नैयर हसनैन खान एसएसबी के आईजी बने

**केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए, 1996 बैच के हैं IPS**

एजेंसी, पटना।



बिहार से एक और आईपीएस अधिकारी दिल्ली केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। बिहार सरकार के एनओसी के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें जिम्मेदारी भी सौंप दी है। आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान को एसएसबी में भेजा गया है। एसएसबी के आईजी बनाए गए हैं।

**चीफ सेक्रेटरी को भेजा गया पत्र:** गृह मंत्रालय ने पत्र जारी किया है। मंत्रालय ने बिहार सरकार के चीफ सेक्रेटरी को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि आईपीएस अधिकारी नैयर हसनैन खान SSB(सशस्त्र सीमा बल ) के लेवल 14 पे मैट्रिक्स पर ज्वाइन करेंगे। प्रतिनियुक्ति के आधार पर यह पद दिया गया है। वह अगले 5 साल तक या फिर अगले आदेश तक डेपुटेशन पर रहेंगे। गृह मंत्रालय ने मुख्य सचिव से कहा है कि नैयर हसनैन खान को जल्द बिहार से रिलीव कर दें, जिससे वह नए असाइनमेंट पर जा सकें।

**1996 बैच के अफसर हैं नैयर हसनैन खान:** आईपीएस नैयर हसनैन खान 1996 बैच के अफसर हैं। बिहार सरकार में वह आर्थिक अपराध इकाई के साथ साथ स्पेशल विजलेंस यूनिट के एडीजी हैं। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद सरकार उन्हें जल्द रिलीव करेगा।

डीजीपी आरएस भट्टी के बाद वह दूसरे आईपीएस ऑफिसर हैं, जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। बिहार के डीजीपी रहे आरएस भट्टी डीजीपी का पद छोड़ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं। वह सीआईएसएफ में डीजी बनाए गए हैं। वह बिहार ही नहीं। बल्कि, देश के ऐसे डीजीपी रहे, जो अपना कार्यकाल अधूरा छोड़ सेंट्रल डेप्युटेशन पर चले गए हैं। आरएस भट्टी के बाद बिहार के नए डीजीपी आईपीएस आलोक राज बनाए गए हैं।

## नीतीश के वादे पर रोहिणी ने कसा तंज
## बोली- तीज के दिन किसी ने फिर से झूठी कसम खाई, अब कहीं नहीं जाएंगे

एजेंसी, पटना।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सामने मंच पर कहा कि दो बार गलती कर चुका हूं। अब और कहीं नहीं जाऊंगा। नीतीश कुमार के इस संकल्प के बाद लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडिया पर कमेंट किया है- 'कल तीज के दिन किसी ने फिर से झूठी कसम खाई, अब कहीं नहीं जाएंगे, तेरे नाम का ही सिंदूर लगाएंगे, तेरे साथ ही निभाएंगे... कौन विश्वाास करेगा! जो करेगा वो धोखा खाएगा !' रोहिणी की इस तल्ख टिप्पणी पर लोग अलग-अलग तरह से कमेंट कर रहे हैं। अमन कुमार सिंह ने लिखा है- 'चलो आप ही कमस खा लो दीदी कि अब वो अगर आएंगे तो आने नहीं दीजिएगा।' अभिनव कुमार सिंह ने लिखा है- तो आप क्यों इंतजार में हैं कि चचा एक बार



फिर से ...?' रोहिणी आचार्य ने सारण से लोकसभा का चुनाव लड़ा था। बीजेपी के राजीव प्रताप रूढ़ी से चुनाव हार गईं। उन्होंने लालू प्रसाद को अपनी किडनी डोनेट की है। इसी किडनी की वजह से लालू प्रसाद की सेहत में काफी सुधार है। गठबंधन इंडिया का साथ छोड़ने के बाद जब से नीतीश कुमार एनडीए के साथ गए हैं आरजेडी ने नहीं कहा है कि हम आगे कभी भी नीतीश कुमार का साथ नहीं लेंगे। लालू प्रसाद ने तो उसी समय कहा था राजनीति में किसी के लिए दरवाजा बंद नहीं होता।

## नड्डा ने दलित बीजेपी कार्यकर्ता के घर पी चाय, पटना साहिब गुरुद्वारे में टेका माथा, सदस्यता अभियान चलाया

एजेंसी, पटना।

**बिहार को मिलेंगे 2 सुपर स्पेशलिटी अस्पताल**

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बिहार दौरे का आज दूसरा दिन है। शनिवार सुबह नड्डा तख्त श्री हरमंदिर पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे। जेपी नड्डा ने गुरुद्वारे में माथा टेका और अरदास लगाई। गुरुद्वारे के बाद नड्डा खाजेकला घाट के पास दलित बस्ती पहुंचे। यहां उन्होंने बीजेपी का सदस्यता अभियान चलाया। 10 लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलवाई। नड्डा ने पटना में दलित कार्यकर्ता के घर चाय भी पी। इसके बाद वे PMCH पहुंचे, जहां नए भवनों के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। नड्डा के साथ प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी और विधानसभा स्पीकर नंद किशोर यादव भी मौजूद रहे। नड्डा थोड़ी देर में दरभंगा पहुंचेंगे इसके बाद मुजफ्फरपुर जाएंगे। दोनों जगहों पर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के ब्लॉक



का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को स्वास्थ्य से जुड़ी 850 करोड़ की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दरभंगा पहुंचे हैं। सड़क मार्ग से शोभन पहुंचकर एम्स निर्माण स्थल का उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जेपी नड्डा DMCH पहुंचे हैं। जहां सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्धाटन करेंगे।

**जेपी नड्डा ने 10 लोगों को अपने हाथ से बीजेपी की सदस्यता दिलवाई:** सदस्यता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि 'लोगों से जुड़ने और मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं पटना साहिब की धरती पर आया हूं। सबसे पहले गुरु गोविंद सिंह के जन्मस्थान पर सिर झुकाया। हम भूल नहीं सकते, गुरु गोविंद सिंह जी को। आप लोग बहुत ही भाग्यशाली हैं कि इतनी पौराणिक जगह पर रहते हैं। जहां गंगा का आशीर्वाद मिलता हो और गुरु गोविंद सिंह का जन्मस्थान हो। इस धरती को मैं प्रणाम करता हूं।'

## पटना में भगवान गणेश को 30 लाख का मुकुट पहनाया, राम मंदिर की तर्ज पर बना पंडाल

एजेंसी, पटना।

आज देशभर में गणेश चतुर्थी की धूम है। पटना में भी महाराष्ट्र मंडल की ओर से गणेश चतुर्थी पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। भगवान की प्रतिमा को 30 लाख रुपए से बने सोने और हीरा जड़ित मुकुट पहनाया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भगवान श्री गणेश की भव्य आरती गई। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के पूरा पंडाल गूंज उठा। पुरुष हो या महिलाएं, पूजा के मौके पर हर कोई मराठी लुक में नजर आए। महाराष्ट्र मंडल के सचिव संजय भोंसले ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। हर साल की तरह ही इस बार भी भगवान की प्रतिमा मुंबई से मंगाई गई। इस बार गणेश की प्रतिमा 6 फीट की है। संजय भोसले ने आगे बताया कि भगवान को हर दिन 101 किलो मोदक का भोग लगाया जाएगा। 12 सितंबर को राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर खुद यहां आकर भगवान की पूजा करेंगे। इस बार राम मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है।



**पहले दर्शन करने के लिए मुंबई जाती थी:** श्रद्धालु राजकुमारी ने कहा कि हर साल मैं यहां आकर भगवान का दर्शन करती हूं। यहां आकर काफी अच्छा लगता है। गणपति बप्पा के दर्शन के लिए पहले हम लोग मुंबई जाते थे, अब पटना में ही दर्शन हो रहा है। इससे बड़ी खुशी की बात और क्या है। मैं अपने घर परिवार के सुखी जीवन की कामना करती हूं। पाखी कौशिक ने कहा कि गणपति बप्पा के दर्शन को लेकर जो एक्साइटमेंट है, वह मेरे चेहरे पर ही देखने को मिल रही होगी। मैं यहां दूसरी बार आई हूं। यह आने के बाद अलग सुकून मिलती है।

**रोजाना 101 KG मोदक का चढ़ेगा भोग**

**13 सितंबर तक कार्यक्रमों की धूम रहेगी:** संजय भोंसले ने आगे बताया कि मुकुट को मुंबई के कारीगरों ने तैयार किया है, जिसके बाद इसे पटना लाया गया है। इसमें 18 कैरेट का सोना है। मुकुट में 5 कैरेट का हीरा भी लगाया गया है। जिसमें छोटे-बड़े हीरे की संख्या 50 से अधिक है। इस मुकुट का वजन 190 ग्राम है। इसकी चमक दूर से दिखती है। सांगली से पगड़ी बांधने के लिए कलाकारों को बुलाया गया है। 13 सितंबर तक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। विसर्जन का मुख्य आकर्षण बैंड पार्टी टीम होगा। इस टीम में 50 सदस्य शामिल होंगे। यह बैंड पार्टी मुंबई से आएगी। भगवान गणेश की पूजा के लिए महाराष्ट्र से ही पंडित को बुलाया गया है। कोलकाता से आए कारीगर ने फूलों से डेकोरेशन किया है। इस बार 35 प्रकार के फूलों से सजावट की गई है। जिसमें गुलाब, गेंदा, चमेली गुलदाउदी, ऑर्किड, जिप्सी, सनफ्लावर, आदि फूल रहेंगे।

## तेजस्वी यादव ने राजद में 45 जिला प्रभारी बनाए

एजेंसी, पटना।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की 'कार्यकर्ता आभार यात्रा' को लेकर प्रदेश कार्यालय में जिला प्रभारियों की मीटिंग हुई। इसमें राजद ने 45 जिला प्रभारी बनाए हैं। कई जिलों को दो भागों में बांट कर प्रभारी बनाए गए हैं। अभी तक आरजेडी की तरफ से जिला प्रभारियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार इन्हें जिला प्रभारी बनाया गया है। नाम में बदलाव संभव है। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर भी फैसले लिए गए हैं। 2025 में विधानसभा चुनाव है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसको लेकर भी मीटिंग में बातचीत की है। बूथ लेवल पर संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। इसको लेकर फिडबैक भी लिया है।

**समस्तीपुर से होगी यात्रा की शुरुआत:** तेजस्वी यादव 10



सितंबर से कार्यकर्ता आभार यात्रा पर निकलेंगे। इस यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर से होगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ विस्तार और पार्टी की विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**कार्यक्रम वाले जिले के लोग शामिल होंगे:** कार्यकर्ता संवाद में बाहरी जिले के कोई भी नेता या कार्यकर्ता शामिल नहीं होंगे। जिन जिलों में कार्यक्रम होगा, उसी जिले के कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे। पार्टी प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रथम चरण में यात्रा 10 सितंबर को शुरू होकर मुजफ्फरपुर में समाप्त होगी।

# 1 दिन में डेंगू के 80 केस, आंकड़ा 1000 के पार, अब तक 6 मौतें

एजेंसी, पटना।

बिहार में डेंगू का खतरनाक ट्रेंड सामने आया है। संक्रमण के 7 दिन के अंदर ही ये पेशेंट को काफी कमजोर कर रहा है, जिससे मरीजों की मौत हो रही है। 24 घंटे के अंदर दो मरीजों की मौत ने स्वास्थ्य विभाग को भी चिंता में डाल दिया है। इस सीजन में पहली बार 6 सितंबर को एक दिन में 80 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिसमें सबसे ज्यादा पटना में 38 लोग डेंगू से संक्रमित पाए गए हैं। सरकारी आंकड़ों में अब तक बिहार में डेंगू के 1006 केस सामने आए हैं, जिसमें 6 की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है, इसके बाद भी मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। सीनियर फिजिशियन डॉ. राणा एसपी सिंह बताते हैं कि ज्यादातर मौतें इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। इस बार संक्रमण की दर काफी तेज है। संक्रमण को लोग वायरल फीवर मान ले रहे हैं। इस कारण से कई दिनों तक बुखार ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। जब तक हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं, हालत खराब हो जा रही है।

**संक्रमण के 7 दिन में मौत:** गर्दनीबाग की रहने वाली 57 साल की पूनम सिन्हा डेंगू से संक्रमित हुई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद घर वालों ने 31 अगस्त को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। कम समय में ही पूनम को डेंगू ने कमजोर कर दिया। हालत ऐसी हो गई कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों के प्रयास के बाद भी उनका प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान कल उनकी मौत हो गई। समस्तीपुर



के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए। इलाज के लिए घर वाले बेगूसराय ले गए, लेकिन हालत बिगड़ती गई। डॉक्टरों ने रेफर कर दिया, जिसके बाद पटना के मेदांता में भर्ती कराया गया। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण गुरुवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

**इंटरनल ब्लीडिंग से हो रही मौतें:** अब तक डेंगू से जो भी मौत हो रही है, इसमें इंटरनल ब्लीडिंग का मामला सामने आ रहा है। यानी डेंगू का IGM रिएक्टिव पाया जा रहा है। 31 अगस्त को पीएमसीएच में डेंगू पीड़ित 40 साल

**♦ एक्सपर्ट बोले-वायरल फीवर समझ कर लापरवाही कर रहे लोग**

के युवक अशोक गिरी की मौत भी इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। जहानाबाद के रहने वाले अशोक गिरी PMCH में 25 अगस्त को एडमिट हुए थे। 5 ही दिन में मौत हो गई। 29 अगस्त को NMCH में 16 साल के आर्यन की मौत भी डेंगू के संक्रमण से हुए इंटरनल ब्लीडिंग से हुई है। 26 अगस्त की रात नौबतपुर के आर्यन को NMCH में भर्ती कराया गया था।

प्लेटलेट्स लगातार कम होने से हालत बिगड़ गई थी। उन्हें पहले से ही पीलिया था। सिर्फ 4 ही दिन में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ऐसे ही 70 साल बुजुर्ग रामा की मौत पटना मेडिकल कॉलेज में इंटरनल ब्लीडिंग से हुई थी। रागिनी की मौत भी निजी अस्पताल में इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई थी।

**संक्रमण की रफ्तार डराने वाली:** डेंगू का सीजन जनवरी से ही शुरू हो जाता है, लेकिन मानसून खत्म होते ही इसमें तेजी आती है। जब तक मौसम ठंडा नहीं हो जाता तब तक इसका असर रहता है। कम बरसात होने के कारण भी डेंगू की रफ्तार तेजी से बढ़ती है।

सरकारी आंकड़ों की बात करें तो अब तक जनवरी से 6 सितंबर तक 1006 लोग संक्रमित हुए हैं। पटना में 459 लोगों में डेंगू पाया गया है। राज्य में जिला की बात करें तो पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। दूसरे नंबर पर गया है, जहां अब तक 54 केस सामने आए हैं। मुजफ्फरपुर 53, समस्तीपुर 46, नालंदा 39, वैशाली 28 और पूर्णिया में 28 मामले आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाली शराब सहित मोटर साइकिल जब्त

**पुलिस की मुस्तैदी के बावजूद तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब**

**चाणक्यभूमि जयनगर।** जयनगर के देवधा थाना पुलिस के द्वारा भारी मात्रा में नेपाली देशी शराब के साथ एक मोटरसाइकिल को जब्त किया है। शराबबंदी के मामले में की जा रही कारवाई के दौरान देवधा थाना अध्यक्षा प्रीति भारती ने मीडिया के माध्यम बताया कि दैनिक थाना गश्ती के दरम्यान पुलिस बल की सघन तलाशी अभियान में एक तस्कर के द्वारा मोटरसाइकिल पर भारी मात्रा में लादकर नेपाली देशी शराब की बड़ी खेप को ले जा रहा था।उसी दौरान पुलिस बल के आने की खबर तस्कर को लग गई थी, जिसके कारण शराब तस्कर शराब लदी हुई मोटरसाइकिल को छोर कर भागने में सफल हो गया। जब्त किए गए नेपाली देसी शराब की मात्रा 198 लीटर बतायी गई है। साथ ही आगे थाना अध्यक्षा ने बताया कि इस शराबकांड मामले को संज्ञान में लेकर मद्य निषेध अधिनियम के तहत् आगे की कारवाई की जा रही हैं।

### तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**चाणक्य भूमि बैरिया।** श्रीनगर थाना के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से समकालीन अभियान के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में समकालीन अभियान चलाया गया जहां समकालीन अभियान के तहत न्यायालय के द्वारा जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के पूजहा के सुरेश शाह एवं रनहा झौउआ टोला के रमेश चौधरी तथा किशोरी चौधरी को गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए शनिवार के दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मारपीट मामले के चार गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि बैरिया।** बैरिया थाना के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सिसवा सरैया से मारपीट मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए बैरिया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सिसवा सरैया से ईदमोहम्मद देवान, असगर देवान,सलीम देवान एवं मुस्लिम देवान को गिरफ्तार किया मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए शनिवार के दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### जनप्रतिनिधि गण के साथ जिलाधिकारी ने की मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक



**मोतिहारी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में सांसद गण के प्रतिनिधि, विधायक गण एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ आज दिनांक 7.9.2024 को समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। इस पर 7 सितंबर से 17 सितंबर तक दावा आपत्ति की जा सकेगी। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला में पूर्व अनुमोदित मतदान केंद्रों की संख्या 3496 थी। युक्तिकरण के पश्चात अब मतदान केंद्रों की कुल संख्या 3628 हो गई है। युक्तिकरण के दौरान कुल 132 नए मतदान केंद्र की संख्या बढ़ी है।युक्तिकरण के समय सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के द्वारा सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि गण को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के अनुसार 1400 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए अलग मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है जो उसी भवन में स्थित है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकाशित प्रारूप में अगर किसी को आपत्ति है तो वह आज से लेकर 17 सितंबर तक दावा आपत्ति दे सकता है। दावा आपत्ति निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर के बाद दवा आपत्ति का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।बैठक में उपस्थित सदस्य गण के द्वारा जो भी मांग रखी गई जिलाधिकारी ने कहा कि इसके संबंध में लिखित आवेदन दे दिया जाए ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वयं स्थल भ्रमण कर मतदान केंद्रों से संबंधित प्रस्ताव भेजेंगे।बैठक में जिलाधिकारी के साथ विधायक प्रमोद कुमार, श्याम बाबू प्रसाद यादव, मनोज कुमार यादव, सुनील मणि तिवारी उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा की बैठक आयोजित



**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समग्र शिक्षा (शिक्षा विभाग) अन्तर्गत विद्यालय के लिए राज्य निधि से प्राप्त योजनाओं के क्रियान्वयन के तहत् असैनिक कार्यों के निर्माण हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें P.H.E.D, L.... B.C.D. पूर्वी चम्पारण के कार्यपालक अभियंताओं, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यकम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) एवं सहायक अभियंता, बिहार शिक्षा परियोजना, पूर्वी चम्पारण द्वारा भाग लिया गया ।इस बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सभी संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को नियमानुसार ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी विभागीय गाइडलाइंस है उसकी पूरी तरह से अनुपालन करते हुए कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण कराई जाए एवं कहीं कोई परेशानी है तो संज्ञान में लाई जाए।

### विद्युत चोरी कर जलाने के विरुद्ध पांच पर एफआईआर दर्ज

**तेतरिया, पू.च।** विद्युत चोरी कर जलाने के विरुद्ध तेतरिया विद्युत जेई गौरव कुमार ने शनिवार को राजेपुर थाना में पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें महमदपुर मझौलिया गांव के महादेव भगत की पत्नी सोनिया देवी पर 52033 रुपए, अवधेश कुमार पर 8861रुपये, दिनेश साह पर 19950 रुपये, रानीपटी के मोहन प्रसाद पर 23209 रुपये, शुक्ल प्रसाद पर 8062 की विद्युत चोरी कर जलाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज किया है।

# चौरचन पर्व पर का महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर तोड़ा निर्जला उपवास

**चाणक्य भूमि मधुबनी**



मधुबनी जिले के जयनगर में तथा अन्य विभिन्न- विभिन्न क्षेत्रों में "चौरचन पर्व" को लेकर कई जगहों से खबर मिली कि जिलेभर के लोगों ने खासकर महिलाओं में काफी उत्साह के साथ इस पर्व को मनाते हुए देखा गया है। आगे बताते चलें की बिहार के मिथिलांचल के प्रसिद्ध पर्व में से एक पर्व जिसे हम "चौरचन पर्व", कहते हैं। इस पर्व को लेकर महिलाएं अपने घर में सुबह से लेकर शाम तक निर्जला उपवास रखकर और शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देकर इस उपवास को पूरा करती हैं।बताते चले कि, पुरानी मान्यता के अनुसार महिलाएं अपने पुत्रों की लंबी आयु प्राप्त करने के लिए, यह कठिन व्रत रखती हैं। इस दिन घर की महिलाओं एवं बच्चों में विशेष उमंग भी देखने को मिलता है। आगे बताते चलें कि इस पर्व के दिन कच्चे चावल को पीसकर "पिठार" बनाया जाता है।

उसके बाद घर के आंगन या छत पर पूजा स्थल को साफ- सफाई के साथ- साथ आकर्षक अहिपन यानी "रंगोली" से सजाया जाता है, उसके बाद निष्ठा पूर्वक पूजा अर्चना की जाती है। बता दें की यह पर्व भादो मास की चतुर्थी तिथि यानी गणेश चतुर्थी के दिन जिसे हम (चौथचंद्र) पर्व के नाम से भी जाना जाता है। आगे हम बता दें की हमारे मधुबनी जिले और जयनगर, बेनीपट्टी, फुलपरास, राजनगर, कलुआही, लदनियां तथा अन्य जगहों पर गणेश पूजन के साथ- साथ कई जगहों पर मेला भी लगाया जाता है। आगे बता दे कि हमारे जयनगर के कुछ चिर-परिचितों में से आज यह पूजा बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया है। इस पूजा में शामिल होने वाले लोगों के नाम है- चंदन महतो, राहुल महतो, सुरेंद्र महतो, जोशी लाइव न्यूज के संपादक गौरव जोशी, जोगेंद्र मुखिया सहित अन्य कई लोग इस पर्व शामिल रहते हैं।

## जाति सूचक गाली देने पर लोगो के खिलाफ शिकायत दर्ज

**चाणक्यभूमि**

योगापट्टी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मच्छरगांवा निवासी आकाश कुमार पिता राम जी राम ने थाने में मारपीट एवं जाति सूचक गाली देने के सम्बन्ध में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया हैं। आकाश कुमार ने आवेदन के माध्यम से बताया हैं कि मै विद्युत विभाग में प्राइवेट से काम करता हूँ मै दिनांक 5/9/24 को शाम लगभग पांच बजे मोटर साईकल से मच्छरगांवा गांव निवासी संजय साह पिता नगीना साह के घर विद्युत मीटर लगाने के लिए गया था। वहाँ संजय साह एवं उनके परिजनों द्वारा विरोध करने पर मै वहाँ से मच्छरगांवा बाजार में किसी और काम से चला गया, मैने बाजार का काम पूरा करके लगभग रात्रि सात बजे अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में संजय साह,नगीना साह, खूबलाल साह, विक्की साह,जितेंद्र साह, नागेंद्र साह, गुड्डु साह, सुनील साह, नीरज साह,और धनंजय साह ने मुझे घेर कर उलटी सीधी बाते अनाप सनाप बोलकर गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे । इन सभी लोगो ने मुझे मारकर घायल कर दिया था, किसी तरह वहाँ से भागकर मैंने अपने आपको सुरक्षित किया और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र योगापट्टी में जाकर अपना इलाज करवाया ।

इस मामले में थानाध्यक्ष कंचन भास्कर ने बताया हैं कि आवेदन मिला हैं और इसके आधार पर इन सभी लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया हैं अब इस पर प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही किया जायेगा |

## शिवपुरी में गणेश पूजनोत्सव का कलश यात्रा से आगाज

**चाणक्य भूमि**

» **551 कन्याओं ने कलश यात्रा निकाल गंडक नदी के कालीघाट से भरा जल, गूंजता रहा हर हर महादेव का नारा**

वाल्मीकिनगर वाल्मीकिनगर के शिवपुरी कॉलोनी में विगत 10 वर्षों से लगातार होने वाले गणेश पूजनोत्सव कार्यक्रम का शनिवार को 10 साल पूरा हो गया। 10 दिनों तक चलने वाले इस पूजनोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । शनिवार के दिन 551 कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाल गंडक नदी के कालीघाट से जल भर इस पूजनोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई।

इस कलश यात्रा में वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल रहे। वाल्मीकि नगर के गोल चौक से लेकर गंडक नदी के तट तक हर-हर महादेव की जय घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा में महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी देखी गई। पूजा समिति अध्यक्ष आनंद सिंह, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह मंत्री प्रेम कुमार, योगेंद्र बैठा, उज्जवल कुमार, विजय कुमार सोनी एवं यजमान के रूप में विनोद कुमार शामिल रहे।

## शीशम की गुल्ली सहित ट्रेक्टर को वन विभाग ने किया जब्त

**चाणक्य भूमि। लौकरिया**



थाना क्षेत्र के सेमरा घुसुकपुर (पोखरिया टोला) गांव में वन विभाग ने छापेमारी के दौरान दो शीशम गुल्ली सहित ट्रैक्टर जब्त की है। इस दौरान वन अपराधी उमेश महतो, सूरज राम, एवं साहेब राम मौके से फरार हो गये। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व वन प्रमंडल दो के गोनौली रेंज के वन कर्मियों ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की शाम सेमरा घुसुकपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान दो शीशम गुल्ली सहित ट्रैक्टर बरामद करने में सफलता मिली है।

इस सम्बंध में गोनौली रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि वन अपराधी वन क्षेत्र से अवैध कटान कर लकड़ी का चिरान कर रहे हैं। जिसके बाद वन कर्मियों की टीम गठित कर आरोपी के घर में छापेमारी की गई। हालांकि वन कर्मियों की धमक पर वन अपराधी मौके से फरार होने में कामयाब रहे।वन अपराधी के विरुद्ध वन्य प्राणी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वन्यजीवों के अधिवास को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कांड दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रेंजर ने बताया कि वन क्षेत्र में नियमित गश्ती और पेट्रोलिंग की जा रही है। वन संपदा और वन्यजीव को नुकसान पहुंचाने वालों के साथ वन प्रशासन सख्ती से निबटेगा।

## तेजी से चल रहा है राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता अभियान



**चाणक्य भूमि**

**मोतिहारी।** शनिवार क़ो राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला कार्यालय मोतिहारी में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक़ आयोजित हुई है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ई.रमेश पासवान ने एवं संचालन जिला प्रधान महासचिव प्रो. सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने की।राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता अभियान पुरे प्रदेश में चालाया जा रहा है।वही बैठक सदस्यता अभियान क़ो तेज करने हेतु आहूत थी। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी ठाकुर धर्मेंद्र सिंह एवं जिला प्रभारी ई.शौकत अंसारी उपस्थित थे।बैठक क़ो सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष डॉ.दीपक कुमार ने कार्यकर्ताओ क़ो आह्वान करते हुए कहा की पार्टी क़ो बूथ स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता है, पार्टी प्रत्येक प्रखंड में कैम्प लगा कर सदस्यता अभियान चलाएगी।बैठक क़ो अभियान समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा ने सम्बंधित करते हुए कहा की सदस्यता अभियान के अंत में पार्टी के पंचयात अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नियमानुसार किया जायेगा।प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता रामपुकार सिन्हा ने कहा की आगामी चुनाव क़ो देखते हुए कार्यकर्त्ता कमर कस लें।बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष संत सिंह कुशवाहा, प्रदेश महासचिव यादवलाल पासवान, डॉ. संजय कुमार, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ.शैलेश कुशवाहा, मनोज साह, डॉ.पन्नालाल कुमार, मुजीबूर रहमान, बिन्देश्वरी कुशवाहा, जयप्रकाश साह, नितेश कुमार, मनीष शुक्ला, प्रेमचंद प्रसाद, रामेश्वर कुशवाहा, संतोष कुमार, डॉ.नौशाद आलम, कौशल कुमार, शंकर कुशवाहा, डॉ.शम्भू कुशवाहा, चंद्रभूषण शुक्ला, राहुल कुमार गुप्ता, सुभाष कुशवाहा आदि सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## दिल्ली सड़क हादसे के शिकार के परिजनों से मिले उप प्रमुख

**चाणक्य भूमि मधुबनी**

» **अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से गई युवक की जान, बदहवास परिजन**

थाना क्षेत्र के मलमल गांव में सड़क हादसा में मौत से पीड़ित परिवार के घर पांच दिनों से कोहराम मचा हुआ है। ज्ञात हो की बीते शनिवार को मलमल गांव के निवासी स्व. रामविलास भगत के 38 वर्षीय पुत्र राजकुमार भगत और कामेश्वर भगत के 32 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र भगत का दिल्ली के लाजपत नगर में सड़क दुर्घटना होने से मौके पर मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने सोमवार को दिल्ली से शव को मलमल लाकर अंतिम संस्कार किया गया था। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी परिजनों के क्रंदन चीत्कार से पूरा गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है।इधर इस घटना से मृतक के परिवार पर गमों का पहाड़ टूट परा है। दोनों मृतक के पत्नी घटना के दिन से ही बदहोश है और अपने पति को खोने के वियोग में खाना पीना त्याग दी है। मृतक की मां और पत्नी रह रहकर बेहोश हो जाती है। उसके कारुणिक क्रंदन से वहां के आस- पास के लोगों की आंखे भी नम हो जाती है। इस घटना के बारे में मृतक धर्मेंद्र भगत के भाई ने दिल्ली एम्स ट्रॉमा सेंटर अस्पताल प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि वहां के डॉक्टर चाहते तो मृतक राजकुमार भगत की जान बच सकती थी।लेकिन डॉक्टरों ने लावारिश शव समझकर और लापरवाही के कारण राजकुमार की जान चली गई। जो पूरी तरह दिल्ली पुलिस और अस्पताल प्रशासन की लापरवाही है। इधर घटना के बाद कलुआही उप प्रमुख चंदन प्रकाश यादव, पत्रकार मन्नी भगत, संजीव पासवान और मिथलेश शोकाकुल परिवार से मिलकर दुख प्रकट किया है, साथ ही, उन्होंने कहा कि दोनों मृतक धर्मेंद्र और राजकुमार बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे। दोनों शादी सुदा है और दोनों के छोटे-छोटे तीन तीन बच्चे भी है। उनके असमय चले जाने से परिवार पूरी तरह बदहोश है। उप प्रमुख और चचेरे भाई भरत भगत ने परिवार और बच्चों की भरण पोषण के लिए सरकार द्वारा मिलने वाली मुआवजा और अन्य लाभ दिलाने को लेकर पहल करने की बात कही गई है।

## नशीली दवाइयों के साथ एक तस्कर हुआ गिरफ्तार



**चाणक्य भूमि जयनगर**

» **सीमा क्षेत्र मे नशीली दवाइयों की तस्करी रुकने का नाम ही नहीं ले रही**

जानकीनगर सीमा क्षेत्र में एसएसबी के जवानों ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से बड़ी मात्रा में अवैध नशीली दवाइयों को जब्त किया गया है। जब्त किए गए दवाइयों का नाम एक्सिपलों कफ सिरप (100ML) की 06 बोतल, स्पास्मो कैप्सूल प्लस की - 32 नग, नाइट्रवेट टैबलेट 10 एमजी की 50 नग साथ ही भारतीय मुद्रा 170 रूपए,नेपाली मुद्रा 3230 रुपए सहित एक तस्कर को हिरासत में लिया गया है।

गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत् मामला दर्ज किया गया है और आगे की कारवाई के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## करियर परामर्श सह कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चाणक्य भूमि**



**मोतिहारी।** महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग यूनिसेफ के सहयोग से बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन के द्वारा संचालित उड़ान परियोजना अंतर्गत किशोर किशोरियों के क्षमताओं और हितों के अनुरूप उचित मार्गदर्शन के लिए करियर परामर्श सह कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन चकिया प्रखंड मुख्यालय स्थित ट्राइसम भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन, महिला एवं बाल विकास निगम के प्रशिक्षक , उड़ान परियोजना के जिला व प्रखंड समन्वयक व विकास मित्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक हामिद रज़ा ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वयं की पहचान करने, आत्म-साक्षात्कार और मजबूत पहलुओं को समझने में मदद करना है। ताकि किशोर किशोरी जान सकें कि उनकी रुचियां, क्षमताएं और मूल्य क्या हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी देना और उनके फायदे-नुकसान को समझाना। साथ ही अपने दीर्घकालिक और संक्षिप्तकालिक करियर लक्ष्यों को निर्धारित करने में सहायता करना शामिल है। उन्हों ने कहा कि आत्म-विश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को सुधारना, ताकि वे अपने करियर की दिशा सही से तय कर सकें।

» **दीर्घकालिक और संक्षिप्तकालिक करियर लक्ष्यों को निर्धारित करने में सहायता करना है**

इस अवसर पर बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के आदर्श कुमार व नीरज कुमार ने बिहार सरकार के सात निश्चय आर्थिक हल, युवाओं का बाल कार्यक्रम को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना की जानकारी और प्रशिक्षण केंद्र तक पहुंचने की प्रक्रियाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित कौशल विकास योजना से संबंधित जानकारी देते हुए वेद प्रकाश ने कहा कि युवतियों के लिए नौकरी पाने का बहुत ही सुनहरा अवसर है । इसके संदर्भ में उन्हों ने बताया कि जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, सिलाई कटाई प्रशिक्षण, सिलाई मशीन ऑपरेटर सहित अन्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं। और इसमें प्रशिक्षण लेने की प्रक्रियाओं के बारे में उन्होंने बताया ताकि युवतियां सरकार के इस योजना से का लाभ उठा कर अपने पैर पर खड़ा हो सकें। इस अवसर पर डी एस एम आदर्श कुमार, एलएफ नीरज कुमार, सीपीआईटी के वेद प्रकाश,उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक हामिद रज़ा, प्रखंड समन्वयक जितेंद्र कुमार सिंह, दिवाकर कुमार, कन्हैया कुमार,विकास मित्र रामकुमार रंजन, मुकेश राम,नीलू कुमारी, गौतम कुमार राम, ध्रुव कुमार बैठा, रेणु कुमारी, विनीता कुमारी, सोनी कुमारी सहित सुहाना खातून, खुशबू खातून, स्वाति राज, राखी भारती, चांदनी कुमारी, साक्षी कुमारी, गुंजा कुमारी, सुलेखा कुमारी, कृतिका रंजन, प्रिया कुमारी, अंजू कुमारी सहित सहित बड़ी संख्या में कल्याणपुर और चकिया प्रखंड के समूह के बच्चे व विकास मित्र उपस्थित हुए।

## जिलाधिकारी ने किया धर्मसमाज पोखरा का निरीक्षण



**चाणक्य भूमि**

**मोतिहारी।** जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा धर्मसमाज पोखरा का भ्रमण किया गया जिसमें नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव तथा अन्य नगर निगम कर्मी एवं अभियन्तागण मौजूद थे। उक्त भ्रमण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा धर्मसमाज पोखरा के आस-पास के सरकारी भूमि का भी निरोक्षण किया गया। निरोक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त भूमि पर किये गए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निदेश दिया गया, सरकारी भूमि के चारों तरफ चाहरदिवारी का निर्माण किया जाए तथा इस भूमि को समतल कराते हुए बाल उद्यान / उद्यान का निर्माण कराया जाए।

# कोहनी की चोट के कारण मार्क वुड साल के बाकी समय के लिए खेल से बाहर

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड अपनी दाहिनी कोहनी में हड्डी के तनाव की चोट के कारण शेष वर्ष के लिए खेल से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण वह पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दौरे पर वहीं जाएंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की विज्ञप्ति के अनुसार, 34 वर्षीय खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी कोहनी में बढ़ती कठोरता और बेचैनी महसूस की थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भी खेला था जिसमें उन्हें दाहिनी जांघ में चोट लगी थी। ईसीबी ने कहा कि वुड जांघ की चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं, जिसके कारण उन्हें शुरू में गर्मियों के बाकी दिनों से बाहर होना पड़ा था। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, वुड ने खुलासा किया कि जब चोट की गंभीरता का पता चला तो वह वह एक नियमित कोहनी स्कैन के लिए गए थे।



वुड ने अपने पोस्ट में कहा, "पहले से ही परेशानी वाली कोहनी की नियमित जांच के दौरान, मुझे यह जानकर झटका लगा कि मेरी दाहिनी कोहनी में कुछ हड्डी का तनाव है। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में मामूली कमर की चोट के बाद, मुझे और मेडिकल टीम को लगा कि मेरी कोहनी की जांच करवाने का यह सही समय है क्योंकि यह थोड़ी जलन वाली थी। मैं इसे हर तेज गेंदबाज को होने वाली सामान्य परेशानियों के कारण मानता हूं और मैं इससे खेल रहा था। मैं विशेष रूप से हैरान हूं क्योंकि मैं टेस्ट क्रिकेट खेल रहा हूं और अपनी गति को बनाए रखा है।" उन्होंने कहा, "मैं अपनी फिटनेस पर अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करता हूं, कोच और फिजियो के साथ अतिरिक्त काम करता हूं जिससे यह और भी निराशाजनक हो जाता है। हालांकि, मुझे लगता है कि यह 'तेज गेंदबाज होने का हिस्सा है।" वुड ने कहा कि उन्हें अगले साल की शुरुआत में फिर से मैदान पर उतरने का भरोसा है। उन्होंने कहा, "मैं साल के बाकी बचे दिनों को मिस करूंगा, क्योंकि मुझे आराम करने और खुद को तैयार करने के लिए समय चाहिए, मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं 2025 की शुरुआत में वापस आकर अच्छा प्रदर्शन करूंगा। मैं पहले भी इस रास्ते पर चल चुका हूं और पर्दे के पीछे रहकर कड़ी मेहनत करूंगा। मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है और इससे बेहतर कोई एहसास नहीं है।" वुड की अनुपस्थिति में ओली स्टोन ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के लिए खेला जबकि 20 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हल ने ओवल टेस्ट में पदार्पण किया। इंग्लैंड अक्टूबर में तीन टेस्ट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा और दिसंबर में तीन और टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड जाएगा।

# जिम एफ्रो टी10 सीजन-2 में दिखेगा वार्नर, नीशम, विली, ब्रैथवेट और मुनरो का जलवा

एजेंसी, हरारे

क्रिकेट का सबसे तेज और सबसे मनोरंजक फ़ॉर्मेट रोमांचक मुकाबलों के एक और ब्लॉकबस्टर सीज़न के साथ वापस आ गया है। टी10 क्रिकेट का यह आगामी सीज़न बड़ा और बेहतर होने जा रहा है और इसकी शुरुआत हरारे में जिम एफ्रो टी10 के सीज़न 2 के साथ होगी। अगले चार महीनों में, बेहद रोमांचक टी10 फ़ॉर्मेट एशिया, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका में घूमेगा। सीज़न की शुरुआत 21 से 29 सितंबर तक हरारे में जिम एफ्रो टी10 की वापसी के साथ होगी, जिसका प्लेयर्स ड्राफ्ट 8 सितंबर को होगा। जिम एफ्रो में छह फ़्रैंचाइज़ी ने ड्राफ्ट में जाने से पहले अपने आइकन और वैश्विक सुपर स्टार को सीधे साइन किया है, ताकि उनके 15-सदस्यीय दल को उनके वैश्विक आइकन के रूप में एक अतिरिक्त 16वें खिलाड़ी के साथ पूरा किया जा सके। टीम में 6 स्थानीय जिम्बाब्वे खिलाड़ी होंगे और आइकन तथा वैश्विक स्टार भी जिम्बाब्वे से हो सकते हैं।




ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वार्नर और वेस्टइंडीज के हार्ड हिटिंग बल्लेबाज कार्लोस ब्रैथवेट को बुलावायो ब्रेव्स जगुआर ने साइन किया है, जबकि केप टाउन सैम्प आर्मी ने इंग्लैंड के डेविड विली और डेविड मलान, अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब और कैस अहमद को खरीदा है। डरबन वॉल्व्स ने न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो और मार्क चैपमैन के साथ पाकिस्तान के बाएं हाथ के पावर हिटर शारजील खान और यासिर शाह को टीम में शामिल किया है। इसी तरह हरारे बोल्ट्स ने जेम्स नीशम और जोबर्ग बांग्ला टाइगर्स ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिस लिन को टीम में शामिल किया है। न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स लागोस की बात करें तो इस टीम ने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मजूराबानी को अपने बड़े खिलाड़ियों में से एक चुना है, साथ ही थिसारा परेरा (श्रीलंका), आसिफ अली (पाकिस्तान) को भी टीम में शामिल किया है।

# पेरिस पैरालिंपिक: होकाटो होटोज़े सेमा ने पुरुषों की शॉटपुट एफ57 में कांस्य जीता, भारत को मिला 27वां पदक



एजेंसी, पेरिस


होकाटो होटोज़े सेमा ने शुक्रवार देर रात (स्थानीय समयानुसार) को स्टेड डी फ्रांस में पेरिस 2024 पैरालिंपिक की पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। 40 वर्षीय एथलीट ने अपने चौथे प्रयास में 14.65 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए चल रहे पैरालंपिक खेलों में 27वां पदक पक्का किया। नागालैंड के एथलीट ने 14.40 के अपने तीसरे थ्रो के साथ स्टैंडिंग में तीसरा स्थान हासिल किया और चौथे प्रयास में और सुधार किया। दूसरे भारतीय एथलीट सोमन राणा 14.07 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पांचवें स्थान पर रहे। अपने प्रयासों के सेट को पूरा करते समय वे स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर थे, लेकिन फिनलैंड के तीजो कूपिका और होटोज़े के बेहतर प्रयासों के बाद वे रैंकिंग में नीचे आ गए। होटोज़े के थ्रो के सेट को पूरा करने के बाद उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी अर्जेंटीना के पाब्लो डेमियन जिमेनेज और फ्रांस के विटोलियो कावाकावा थे, लेकिन दोनों एथलीट केवल 12.99 का सर्वश्रेष्ठ प्रयास ही कर पाए।

# यूएस ओपन: टेलर फ्रिट्ज़ फाइनल में, जननिक सिनर से होगा सामना

एजेंसी, न्यूयॉर्क

टेलर फ्रिट्ज़ ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में हमवतन फ्रांसेस टियाफो को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई जहां रविवार को उनका सामना इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त जननिक सिनर से होगा।

इस जीत के साथ ही फ्रिट्ज़ 15 वर्षों में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए। विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी फ्रिट्ज़ ने 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई। 26 वर्षीय फ्रिट्ज़ ने जीत हासिल करने के बाद कहा, "शुरुआत में उन्होंने मुझे बहुत परेशान किया और मैं थोड़ा घबरा गया था। मैंने खुद से कहा कि मैं इसमें बना रहूँ, सर्विस को बनाए रखूँ और स्कोरबोर्ड पर दबाव बनाऊँ। मैंने इसमें बने रहने के लिए हर संभव कोशिश की। अगर मैंने ऐसा नहीं किया होता तो मुझे हमेशा इसका पछतावा होता।" इससे पहले सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में उमस भरी परिस्थितियों पर काबू पाते हुए शुक्रवार को ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराकर यूएस ओपन 2024 के फाइनल में प्रवेश किया।



दूसरे सेट में गिरने के कारण सिनर की कलाई में चोट लग गई थी, लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखा और फाइनल में जगह बनाई। वहीं, ड्रेपर के लिए कुछ भी ठीक नहीं रहा, उन्होंने दूसरे सेट में तीन बार उल्टी की, क्योंकि उन्हें गर्मी और उमस से जूझना पड़ा, जिससे उनकी शर्ट भी पसीने से भीग गई। 10 डबल फॉल्ट भी 22 वर्षीय खिलाड़ी को पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने में मदद नहीं कर पाए।

## व्यापार

# जीएसटी काउंसिल की बैठक सोमवार को, स्वास्थ्य बीमा पर फैसला संभव

एजेंसी, नई दिल्ली

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 9 सितंबर, सोमवार को राजधानी नई दिल्ली में 54वीं होने वाली है। इस बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा कराने वाले लोगों को महंगे प्रीमियम (बीमा किस्त) से निजात मिलने की संभावना है।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 9 सितंबर, 2024 को राजधानी नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में दोनों तरह के बीमा (स्वास्थ्य और जीवन बीमा) पर लगने वाली जीएसटी की दर को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जा सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर लगने वाले जीएसटी की दर से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ सकता है। स्वास्थ्य और जीवन बीमा के प्रीमियम पर लगने वाली 18 फीसदी जीएसटी दर को हटाने का मुद्दा अब राजनीतिक मोड़ ले चुका है। इसकी शुरुआत केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के वित्त मंत्री सीतारमण को एक पत्र लिखने से हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल और अब कनार्टक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के पॉलिसीधारकों के लिए स्वास्थ्य बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी दर में कटौती की मांग की। वित्तीय सेवाओं के विभाग के स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर मौजूदा जीएसटी कर की दर घटाने के अनुरोध के बाद जीएसटी परिषद के द्वारा नामित केंद्र और राज्यों के राजस्व अधिकारियों वाली फिटमेंट समिति ने इसका विस्तृत विश्लेषण किया है। फिटमेंट समिति इस बारे में अपनी विस्तृत रिपोर्ट 9 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में सौंप सकती है। इससे सरकारी खजाने पर 6.5 अरब रुपये से 35 अरब रुपये तक का बोझ पड़ने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दौरान 7 अगस्त को वित्त विधेयक 2024 में संशोधन पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा था कि मैं यहां दो महत्त्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करना चाहती हूं। उन्होंने कहा था कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी के लागू होने से पहले भी कर लगता था। यह कोई नया मुद्दा नहीं है, सभी राज्यों में यह पहले से ही था।




## वैश्विक दबाव में लुढ़का घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

वैश्विक दबाव की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार ने लाल निशान में कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में लिवाली के सपोर्ट से कुछ देर के लिए शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में भी आया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में जोरदार गिरावट आ गई। सेंसेक्स आज कुछ देर के लिए 81 हजार अंक से भी नीचे लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी 25 हजार अंक के नीचे आ गया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.24 प्रतिशत और निफ्टी 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। पूरे दिन की खरीद बिक्री में ऑटोमोबाइल, ऑयल एंड गैस, टेलीकॉम, मीडिया, पीएसयू बैंक, रियल्टी और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही।

# एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए चेक-इन की समय-सीमा बढ़ाई



एजेंसी, नई दिल्ली

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइंस ने शनिवार को अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए चेक-इन की समय-सीमा को बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने कहा है कि अब चेक-इन काउंटर अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 75 मिनट पहले बंद हो जाएगा। ये नियम राजधानी नई दिल्ली से सभी अंतरराष्ट्रीय प्रस्थानों पर लागू होगा। ये नियम 10 सितंबर, 2024 से प्रभावी होगा। कंपनी ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि नई दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान के लिए चेक-इन काउंटर अब आपके निर्धारित प्रस्थान समय से 75 मिनट पहले बंद हो जाएगा।

एयर इंडिया ने बताया कि पिछले 60 मिनट के बंद होने से यह समायोजन सभी के लिए एक सहज और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करता है, जिससे व्यस्त अवधि के दौरान भी चेक-इन प्रक्रियाओं और सुरक्षा मंजूरी के लिए पर्याप्त समय मिलता है। हम इस नए बंद समय से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने में आपके सहयोग की सराहना करते हैं। इससे पहले अगस्त में एयर इंडिया ने कहा था कि 10 सितंबर, 2024 से नई दिल्ली हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए चेक-इन काउंटर उड़ान प्रस्थान से 75 मिनट पहले बंद हो जाएंगे। एयरलाइन ने उस समय यात्रियों से समय पर चेक-इन काउंटर पर रिपोर्ट करने का अनुरोध भी किया था।

# महाराष्ट्र ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में हासिल किया सर्वाधिक एफडीआई

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र राज्य वित्त वर्ष 2024-2025 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) के दौरान सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हासिल करने में शीर्ष पर रहा है। महाराष्ट्र में ढाई साल में 3.14 लाख करोड़ रुपये का विदेशी निवेश हुआ है। यह देश में हुए कुल निवेश का 52.46 फीसदी है। राज्य ने विदेशी निवेश में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को इस उपलब्धि के लिए राज्य को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'महाराष्ट्र को बधाई! बहुत बड़ी खुशखबरी!! देश में कुल निवेश का 52.46 प्रतिशत विदेशी निवेश केवल महाराष्ट्र में हुआ है।' उन्होंने आगे लिखा, 'पहली तिमाही में देश में कुल 1,34,959 करोड़ रुपये का FDI है, जिसमें से 52.46 प्रतिशत यानी 70,795 करोड़ रुपये अकेले महाराष्ट्र में आया है।' उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने पत्रकारों को बताया कि 2014 से 2019 के दौरान जब वे राज्य में सत्ता में थे, तब कुल 3 लाख 62 हजार 161 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आया था। अब ढाई साल में राज्य सरकार ने प्रदेश में 3 लाख 14 हजार 318 करोड़ रुपये का निवेश लाया है। फडणवीस ने कहा कि चूंकि अभी दूसरी तिमाही के आंकड़े आने बाकी हैं, ऐसे में कुल निवेश का आंकड़ा और बढने की संभावना है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में उद्योग-अनुकूल नीति के कारण पिछले दो वर्षों यह संभव हो सका है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 की पहली तिमाही में राज्य में सबसे ज्यादा निवेश भी देखने को मिला है। अप्रैल से जून 2024 की पहली तिमाही के दौरान देश में कुल निवेश 1 लाख 34 हजार 959 करोड़ है, जिसमें से 70 हजार 795 करोड़ यानी 52.46 प्रतिशत निवेश राज्य में आया है। अकेले महाराष्ट्र में कर्नाटक, दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, तमिलनाडु, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से अधिक विदेशी निवेश है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर हुआ 683.987 अरब डॉलर

एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त हफ्ते में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब यूएस डॉलर के नए रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 30 अगस्त को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं।

# गणेश चतुर्थी पर 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार होने का अनुमान : कैट

## व्यापारियों ने चीनी उत्पादों का किया बहिष्कार, भारतीय वस्तुओं की जबरदस्त मांग

एजेंसी, नई दिल्ली

गणेश चतुर्थी भारत में व्यापक और धूमधाम से मनाया जाने वाला त्योहार है। देशभर में इस त्योहार को हर साल की तहर इस बार भी अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाने की तैयारी चल रही है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस बार त्योहार के दौरान 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है जताई है, जिसमें भारतीय व्यापारियों ने पूरी तरह से चीनी उत्पादों का बहिष्कार किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को बताया कि गणेश चतुर्थी की वजह से महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और गोवा जैसे क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधि तेज हो जाती है। वहीं, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि इन राज्यों में स्थानीय व्यापारियों द्वारा किए गए सर्वेक्षण के बाद यह जानकारी मिली है कि लगभग 20 लाख से अधिक गणेश पंडाल लगाए गए हैं। यदि प्रत्येक पंडाल पर न्यूनतम 50 हजार रुपये का खर्च भी माना जाए तो यह आंकड़ा 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाता है। भरतिया ने बताया कि अकेले महाराष्ट्र में 7 लाख से अधिक पंडाल लगाए गए हैं, इसके बाद कर्नाटक में 5 लाख, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में 2 लाख प्रत्येक और शेष 2 लाख पूरे देश में हैं। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि पंडालों पर खर्च की गई राशि के अलावा त्योहार के इर्द-गिर्द बना व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र कई उद्योगों और स्थानीय व्यवसायों को भी शामिल करता है।



# बगहा विधायक गणेश पूजा समारोह में हुये शामिल

**चाणक्यभूमि बगहा**

भगवान गणेश की पूजा सबसे पहले किया जाता है इनके पूजन से सभी विपती दूर होता है। इन्हे अलग अलग नाम से भी पूजा किया जाता है। भगवान गणेश कष्ट को हरने वाला, जिनका पेट उदर के सामान हो, कार्य में विघ्न को हरने वाला,माता के आज्ञाकारी भगवान गणेश का पूजन यानी गणेश चतुर्थी का त्योहार पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष चतुर्थी को यह त्योहार मनाया जाता है इन्हे गणेश उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। बगहा में सबसे पहले श्री काली स्थान गणेश पुजा समिति के द्वारा बगहा में मनाया उसके बाद से हल साल मनाया जा रहा है। हर साल की भांति इस साल भी गणेश पुजा मनाया जा रहा है। जिसकी शुभ आरम्भ बगहा विधायक राम सिंह ने किया। यहां पूजा 13 साल से मनाया जा रहा है। इस पूजा में गणेश जी को छप्पन भोग के दिन 2.5 किलो का लड्डू का प्रसाद का वितरण किया जायगा। इसकी जानकारी पूजा समिति के सदस्य अंजनी कुमार पाण्डेय उर्फ मिक्की पाण्डेय दिया। इस अवसर पर भाजपा के सांसद प्रतिनिधि ऋतु जायसवाल, विजय साहू, अजय नाथ, नागेंद्र सहनी, रवि



शंकर गुप्ता, नीरज कुमार, संजय यादव, समेत अन्य पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहें।

# नदी पार करने के दौरान किशोरी डूबी



**चाणक्य भूमि**

बगहा प्रखंड के सिसवा घाट पर नदी पार करने के दौरान पैर फिसलने से एक 15 वर्षीय किशोरी डूब गई है। किशोरी मवेशियों के लिए चारा लेकर घर आ रही थी तभी वह पैर फिसलने से गहरे पानी में चली है जिससे वह डूब गई। स्थानीय गोताखोरों के द्वारा किशोरी की शव को तलाश की जा रही है।

लापता किशोरी की पहचान बासंपुर टोला गांव निवासी हरी शंकर यादव की पुत्री चांदनी कुमारी के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

इस मामले में प्रखंड बगहा एक सीओ नर्मदा श्रीवास्तव ने बताया कि किशोरी की घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। एसडीआरएफ की टीएम को सूचना दे दी गई है टीम मौके पर पहुंच कर किशोरी की खोजबीन कर रही हैं।

# शटर तोड़ 20 लाख का मोबाइल व लैपटॉप की चोरी

**चाणक्य भूमि मझौलिया**

शुक्रबार की रात सरिसवा स्थित गुप्ता इटरप्राइजेज मोबाइल दुकान में अज्ञात अपराधकर्मियों ने शटर तोड़कर 02 लाख रुपये नकद और लगभग 20 लाख लाख रुपये मूल्य की स्मार्ट मोबाइल व लैपटॉप की चोरी कर ली। चोरी की घटना का पूरा वारदात सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया है।

सूचना पर शनिवार की सुबह मझौलिया पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।पुलिस सीसीटीवी कैमरा खंगालने में जुट गयी है।पीड़ित व्यबसाई शम्भू गुप्ता ने बताया कि दुकान में लगभग बीस 20 लाख रुपये की मोबाइल , लेपटॉप, चार्जर ,समेत अन्य उपस्कर की चोरी कर ली गई हैं।उंन्होने बताया कि मोबाइल दुकान में एक भी मोबाइल नही बचा है। दुकान के गल्ले में दो लाख रुपये नगदी की चोरी हुई है। एसएचओ अखिलेश मिश्र ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से अपराधियो को चिन्हित किया जायेगा।बताया गया है कि बीती रात दुकान मालिक दुकान बंद कर घर गया, सुबह पता चला कि उसके दुकान का शटर काटकर चोरी की गई है।शनिवार की सुबह पीड़ित व्यबसाई से पुलिस घंटो पूछ ताछ की।चोटी की बढ़ती घटनाओं से व्यबसाई दहशत में है।









# 65 प्रतिशत आरक्षण के लिये राजद सुप्रीम कोर्ट पहुँची चुनौती दी

**चाणक्य भूमि बगहा**

पूरे देश में विपक्षी पार्टियों ने जाति आधारित जनगणना के साथ साथ बिहार में एनडीए की सरकार पर 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए दबाव बनाते हुए आज बिहार में विपक्ष में बैठी राजद ने खुद को पार्टी बनाकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

बगहा विधान सभा क्षेत्र के भाजपा के वरीय नेता श्वेतमणि कुमार सिंह उर्फ तुषार सिंह ने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए तीखी प्रतिक्रिया के साथ कहा कि भारत गांवों का देश है। देश में कुछ राजनितिक पार्टीयां बिहार के लोगों को भ्रम में डाल कर चुनावी लाभ लेने में विश्वाश रखती है।

जब वो नीतीश कुमार के साथ सरकार में शामिल थे। तो उस समय इस तरह की बातें सामने नहीं आई थी। आज जब कि सरकार के विपक्ष



में बैठते ही दूसरा आलाप शुरू कर दिया है। वहीं देश में गरीबों, दलितों आदिवासियों तथा ओबीसी के नाम पर आरक्षण लागू करने लिए मुहिम छेड़ दिया है।

देश में सबसे उपयुक्त समय आ गया है कि अमीर तथा गरीब कार्ड बनाकर देश के साथ न्याय किया जाना चाहिए। जाति धर्म संस्कृति से ऊपर उठकर किसी भी जाति के गरीब परिवार के सदस्य हो उसे ही आरक्षण का असली लाभ मिलना चाहिए। वही देश भर में

**» तुषार सिंह ने कहा अमीर तथा गरीब कार्ड बनाकर देश के साथ न्याय किया जाना चाहिए**

बंचितो , शोषितों के लिए भाजपा की राष्ट्रीय पार्टी सड़क , सदन तथा न्यायालय तक हम गरीबों दलितों आदिवासियों के साथ अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे। हलाकि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों दलितों आदिवासियों कमजोर वर्ग के लोगों के लिए काफी कुछ योजनाएं चलाया है। जिसे उस योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। आरक्षण के हाय तोबा मचाने वाले लोगों के बयान पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधान सभा के सदन में यहां तक कह डाला कि अब अमीर गरीब का ही कार्ड बनेगा । तब जाकर देश की स्थिति सुदृढ़ होगी।

# दो महीने के भीतर पीसीसी सड़क उजड़ी

**चाणक्यभूमि योगापट्टी**

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के कोइरीगांवा गांव वार्ड नम्बर नौ और दस में जिला परिषद क्षेत्र संख्या तेरह के पार्षद कौशल्या देवी के द्वारा लगभग दो माह पूर्व में बनाया गया पीसीसी सड़क ऊपर से उजड़ने लगा हैं जिसके विरोध में कोइरीगांवा गांव के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण सुरेश यादव, दयानन्द यादव और आदि ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य लगभग दो माह पहले हुआ हैं इतने दिनों के अंदर ही यह सड़क ऊपर से उजड़ने लगा हैं उन्होंने यह भी कहा कि इस पीसीसी सड़क निर्माण के समय इसमें भारी अनिमियता बरती गई हैं यह निर्माण कार्य जिला पार्षद कौशल्या देवी के द्वारा कराया गया हैं, हम लोगो ने निर्माण के वक़्त उनको कहा कि यह निर्माण कार्य गलत



**» सड़क के उजड़ने पर ग्रामीणों ने इसके निर्माण में भारी अनिमियता का लगाया आरोप**

ढंग से हों रहा हैं लेकिन उन्होंने हमारी बातो को दरकिनार करके अपना काम करते रहे | वहीं जिला पार्षद कौशल्या देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह काम हमने सही तरह से करवाया हैं उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा राजनीति के तहत मुझे बदनाम करने का कोशिश किया जा रहा हैं मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है उसमे कोई भी अनिमियता नहीं हुई हैं |






# धावा दल के द्वारा सघन जाँच अभियान चलाया गया

**चाणक्य भूमि**

**एस गुप्ता : मोतिहारी**

श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, छौडादानों के नेतृत्व में छौडादानों प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में छौडादानों प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानों क्रमशः चंपारण लाइन होटल एंड ढाबा एवं बनकटवा मिष्ठान भंडार से 01-01 बाल श्रमिक अर्थात कुल-02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा !

बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है।



श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है।

इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी।

आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आदापुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुगौली, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर, AHTU, मोतिहारी, प्रयास संस्था के प्रतिनिधि, न्याय नेटवर्क परियोजना डंकन हॉस्पिटल रक्सौल के प्रतिनिधि एवं छौडादानों थाना से 05 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

# नगर आयुक्त ने भ्रस्टाचार मामले में वार्ड पार्षदों से मांगा स्पष्टीकरण

**चाणक्य भूमि बेतिया**

अपने सगे संबंधियों के नाम पर सफाई मित्र की राशि उठाव करने मामले में चिन्हित तीन पार्षदों को नगर आयुक्त ने पत्र लिखकर स्पष्टीकरण माँगा है और उन्हें तीन दिनों के अंदर जवाब देने को कहा है। जिन पार्षदों से स्पष्टीकरण माँगा गया है वो है वार्ड 40 के पार्षद साजन कुमार, वार्ड 22 के पार्षद नंदलाल कुमार और वार्ड 29 के पार्षद अमर यादव।

यह कारवाई रामभरोस याद के आवेदन पर की गई है उन्होंने महापौर को आवेदन देकर वार्ड 40 के पार्षद साजन कुमार पर अपने दो सगे भाई राजन कुमार व



सुजीत कुमार, वार्ड संख्या 22 के नंदलाल कुमार सगे भांजे मणिराज कुमार और अभिषेक कुमार व वार्ड संख्या 29 के पार्षद अमर यादव पर विकास यादव, सचिन यादव, पूनम देवी, दिपू कुमार और संजय कुमार के नाम से हर महीना फर्जी भुगतान कराने का आरोप लगाया है।









# भूमि सर्वेक्षण के बारे मे ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**चाणक्य भूमी**

बैरिया प्रखंड क्षेत्र के पखनाहा डुमरिया पंचायत के वार्ड नंबर 7 स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भूमि सर्वेक्षण कार्यों को लेकर ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। बैठक के दौरान भूमि सर्वेक्षण में लगे अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि खतियान या दस्तावेजी जमीन के संबंधित कागजातों को लेकर कार्यालय में जमा करना होगा सर्वेक्षण अमीन, कानूनगो एव अन्य कर्मियों ने लोगो को जानकारी देते हुए बताया की खतीयानी जमीन को लेकर वंशावली तथा रशीद एवं जमाबंदी के साथ आधार कार्ड व अन्य कागजात



संलग्न कर कार्यालय में जमा करना होगा।

वही दस्तावेजी जमीन में दस्तावेज तथा लगान रसीद संलग्न होगा। जमीन संबंधित कागजात एव सरकार द्वारा जारी किया गया फार्म भरकर जमा करना होगा। जिसको लेकर जानकारी दिया गया।

# दो बाइक की आमने सामने टक्कर में दो घायल

**चाणक्य भूमि**

वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर में लौकरिया के देवरिया गांव निवासी शिवनारायण खतईत एवं जगदीश काजी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना 112 को दी। जिसकी मदद से घायलो को वाल्मीकिनगर स्थित एक निजी क्लीनिक ले जाया गया जहां घायलो का उपचार जारी है। वहीं दूसरा बाइक सवार बाइक छोड़कर भागने में सफल रहा। इस बाबत थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनो बाइक को पुलिस कब्जे लेकर छानबीन कर रही है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714